संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 18 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 249 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के मौके पर कलाकारों की कलाकारी का मुआयना करते हुए।

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# सिराज की आंधी में उड़ी श्रीलंका, भारत एशिया कप जीता

**टीम एक्शन इंडिया/कोलंबो**
**टीम** इंडिया ने 8वीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। भारत ने कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया। यह मैच खत्म होते वक्त बची हुई गेंदों के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी जीत है। टीम ने 263 गेंद बाकी रहते जीत हासिल कर ली। इससे पहले, टीम इंडिया ने केन्या को 2001 में 231 गेंद रहते हराया था। फाइनल मैच में श्रीलंकाई टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 15.2 ओवर में 50 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में टीम इंडिया ने 6.1 ओवर में 51 रन बनाते हुए जीत हासिल कर ली।

**जीत के हीरो मोहम्मद सिराज** : 6 विकेट चटकाए मोहम्मद सिराज ने पहले ही स्पेल में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने अपनी शुरूआती 16 गेंदों में श्रीलंका के 6 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखा दी।

**हार्दिक पंड्याः** 3 विकेट लिए सिराज के बाद हार्दिक पंड्या ने श्रीलंकाई टीम को 50 रन पर सिमेटने पर अहम भूमिका निभाई। उन्होंने आखिरी बैटर्स के 3 विकेट हासिल किए। गिल-ईशान की ओपनिंग जोड़ी 51 के छोटे से टारगेट को चेज करने के लिए भारतीय कप्तान ने ओपनिंग जोड़ी में बदलाव किए। उन्होंने अपनी जगह ईशान किशन को ओपनिंग करने भेजा। दोनों ने टीम को तेज शुरूआत की। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी श्रीलंकाई टीम 50 रनों पर ऑलआउट हो गई। यह भारत के खिलाफ किसी भी टीम का सबसे कम



स्कोर है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंकाई बल्लेबाजों को 15.2 ओवर में पवेलियन लौटा दिया। मोहम्मद सिराज ने 6 विकेट चटकाए, जबकि हार्दिक पंड्या को 3 विकेट मिले। एक सफलता जसप्रीत बुमराह के हिस्से आई।

**श्रीलंका ने बांग्लादेश का रिकॉर्ड तोड़ाः** यह भारत के खिलाफ किसी टीम का वनडे में सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले, वनडे में भारत के खिलाफ सबसे कम स्कोर बांग्लादेश के नाम था। बांग्लादेश की टीम 2014 में 58 रन पर ऑलआउट हुई थी। वनडे में ओवरऑल सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के नाम है। जिम्बाब्वे की टीम 2004 में श्रीलंका के खिलाफ 35 रन पर ऑलआउट हो गई थी।

**श्रीलंका का कोई भी बैटर 20 पार नहींः** भारतीय तेज गेंदबाजों के सामने श्रीलंकाई बैटर जूझते नजर आए। टीम का कोई भी बैटर 20 का आंकड़ा पार नहीं कर सका। कुसल मेंडिस ने सबसे ज्यादा 17 रनों की पारी खेली, जबकि दुशन हेमंथ ने 13 रन बनाए।

**पावरप्लेः श्रीलंकाई पारी लड़खड़ाईः** पावरप्ले में श्रीलंकाई पारी लड़खड़ा गई। टीम ने 10 ओवर में 33 रन पर 6 विकेट गंवा दिए। सिराज ने 5 और बुमराह ने एक विकेट लिया। आलम यह था कि टीम का कोई भी बैटर डबल डिजिट में नहीं पहुंच पाया।

**सिराज ने चामिंडा वास के रिकॉर्ड की बराबरी कीः** मोहम्मद सिराज ने वनडे क्रिकेट में सबसे कम गेंदों पर 5 विकेट लेने के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सिराज ने 5 विकेट के लिए 16 गेंदें ली। श्रीलंका के चामिंडा वास ने 2003 में बांग्लादेश के खिलाफ 16 गेंदों पर ही 5 विकेट लिए थे।

## फास्ट न्यूज

### उपराष्ट्रपति ने नई संसद पर पहली बार तिरंगा फहराया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संसद** की नई बिल्डिंग पर पहली बार रविवार (17 सितंबर) को तिरंगा फहराया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन के गजद्वार पर ध्वजारोहण किया। इस दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला भी मौजूद रहे। लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से पुरानी इमारत में बुलाया गया है। 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन संसद की पुरानी बिल्डिंग से कामकाज नई इमारत में शिफ्ट होगा। विशेष सत्र के बाकी के 4 दिन का कामकाज भी यही होगा। नई संसद में राष्ट्रीय ध्वज फहराने पहुंचे उपराष्ट्रपति धनखड़ को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

**कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बोले- देर से मिला न्योता:** मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा महासचिव प्रमोद मोदी को चिट्ठी लिखकर कहा था कि वे सीडब्ल्यूसी की बैठक के लिए हैदराबाद में हैं। संसद के कार्यक्रम का निमंत्रण 15 सितंबर की शाम को मिला था, जबकि सीडब्ल्यूसी की बैठक काफी दिन पहले से तय थी। इसलिए 17 सितंबर को होने वाले समारोह में शामिल होना उनके लिए संभव नहीं होगा।

### छात्रा का दुपट्टा खींचा...पुलिस ने दौड़ाकर मारी गोली

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बेडकरनगर**
अंबेडकरनगर में छात्रा का दुपट्टा खींचने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने एनकाउंटर में गोली मारी है। रविवार को पुलिस तीनों आरोपियों को मेडिकल के लिए लेकर जा रही थी। तभी शहवाज-फैसल पुलिस की राइफल छीनकर भागने लगे, जिन्हें पुलिस ने सरेंडर के लिए कहा। मगर, उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। एनकाउंटर में दोनों को पैर में गोली लगी है। दोनों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए लेकर जाया जा रहा है।

**सिपाही से राइफल छीनकर भागे तीनों:** पुलिस अफसरों के मुताबिक, दोपहर 12 बजे पुलिस तीनों को मेडिकल कराने के लिए अस्पताल लेकर जा रही थी। रास्ते में एक जगह किसी काम से गाड़ी रोकी गई ती। इस दौरान मौका देखकर शहवाज और फैसल ने एक सिपाही की राइफल छीन ली और भागने लगे।

# पीएम विश्वकर्मा योजना लॉन्च

= 13 हजार करोड़ का फंड, 18 पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े लोगों को फायदा होगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना लॉन्च की हैं। इस योजना से 18 व्यवसायों से जुड़े लोगों को फायदा होगा। इसके लिए 13 हजार करोड़ का आउटले (फंड) बनाया जाएगा।

**विश्वकर्मा जयंती परः** पीएम ने कहा कि हमारे यहां कहा गया है- जो समस्त संसार की रचना और उससे जुड़े निर्माण कार्य करता है, उसे विश्वकर्मा कहते हैं। हजारों साल से जो साथी बनाने के मूल रहे हैं, वे विश्वकर्मा हैं। समाज के विकास में विश्वकर्मा साथियों का बड़ा योगदान है। इनके बिना रोजमर्रा की कल्पना भी मुश्किल है।

**कामगारों सेः** पीएम ने कहा कि हमारी जिंदगी में लोहार, दर्जी, जूते वालों की अहमियत कभी खत्म नहीं हो सकती है। आज भी हम मटके और सुराही का पानी पीना पसंद करते हैं। टेक्नोलॉजी कहीं भी पहुंच जाए, इनकी अहमियत हमेशा रहेगी। हमारी सरकार विश्वकर्मा भाइयों का सम्मान और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए सहयोगी बनकर सामने आई है। शायद ही कोई गांव होगा, जहां 18 प्रकार के काम करने वाले लोग नहीं होंगे। इस योजना में इस सभी लोगों को शामिल किया गया है। सरकार योजना के लिए 13 हजार करोड़ रुपए खर्च करने वाली है। मैं 30-35 साल पहले ब्रसेल्स गया था। मुझे एक मित्र ज्वेलरी मार्केट ले गए। उन्होंने बताया कि यहां मशीन से बनी ज्वेलरी की मांग कम और हाथ से बनी ज्वेलरी की मांग ज्यादा होती है। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां आपके दरवाजे पर खड़ी हों, हम ये सामर्थ्य पैदा करना चाहते हैं।



### 'यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25' मेट्रो के विस्तार का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को द्वारका सेक्टर-21 से नए मेट्रो स्टेशन यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 तक दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन के विस्तार का उद्घाटन किया। नए मेट्रो स्टेशन यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 के उद्घाटन के साथ यशोभूमि दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन से भी जुड़ जाएगी। नए मेट्रो स्टेशन में तीन सबवे होंगे। इसमें स्टेशन को प्रदर्शनी हॉल, कन्वेंशन सेंटर और सेंट्रल एरिना से जोड़ने वाला 735 मीटर लंबा सबवे, द्वारका एक्सप्रेसवे में प्रवेश व निकास को जोड़ने वाला सबवे और मेट्रो स्टेशन को यशोभूमि के भविष्य के प्रदर्शनी हॉल के फोयर से जोड़ने वाला सबवे शामिल है। प्रधानमंत्री ने मेट्रो विस्तार के उद्घाटन से पूर्व दिल्ली मेट्रो में यात्रा की और उद्घाटन के बाद दिल्ली मेट्रो के कर्मचारियों के साथ बातचीत की।

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री ने इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका में एक नई योजना पीएम विश्वकर्मा शुरू करने से पहले भगवान विश्वकर्मा को पुष्पांजलि अर्पित की।

**कौशल प्रशिक्षण**

8 इस योजना से 18 व्यवसायों से जुड़े लोगों को फायदा होगा। 13 हजार करोड़ का आउटले (फंड) बनाया जाएगा

**ट्रेनिंग लेने वालों सेः** पीएम ने कहा कि विश्वकर्मा साथियों के लिए ट्रेनिंग-टूल्स बहुत जरूरी है। ट्रेनिंग के दौरान भी आपको रोज 500 रुपए भत्ता सरकार की तरफ से दिया जाएगा। टूलकिट के लिए 15 हजार का वाउचर भी मिलेगा। मार्केटिंग में भी सरकार मदद करेगी। हमारे दो आग्रह हैं- सामान जीएसटी वाली दुकानों से खरीदें। दूसरा, टूल्स इंडिया मेड ही खरीदें। कॉन्फ्रेंस टूरिज्म के लिए भारत मंडपम की दुनिया में चर्चा हुई। यशोभूमि भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यानी इस भूमि पर जो भी होगा, उससे यश ही यश मिलेगा। भारत की राजधानी में हमारी चीजों को शो केस करने के लिए जो सेंटर चाहिए, वैसा ही है। ये एयरपोर्ट के पास है, मेट्रो से कनेक्टिविटी है। हमारे यहां बहुत बड़ा मार्केट है।


पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली मेट्रो में बच्चे को चॉकलेट देत हुए।

### एमपी में एक हफ्ते में सामान्य से दोगुनी बारिश हुई

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल/जयपुर**
मध्य प्रदेश में पिछले एक हफ्ते में सामान्य से दोगुनी बारिश हुई है। 7 सितंबर से 13 सितंबर के बीच राज्य में कुल 94 मिमी बारिश हुई, जबकि सामान्य तौर पर 47 मिमी बारिश ही होती है। वहीं, 16 सितंबर को मध्य प्रदेश में करीब 10 गुना ज्यादा बारिश हुई। राज्य में इस दिन आमतौर पर 6 मिमी बारिश होती है। जबकि इस साल 59.5 मिमी बारिश हुई। भारी बारिश के चलते मध्य प्रदेश के नदी-नाले उफान पर हैं।

## 'निजाम के अत्याचार से हैदराबाद को सरदार पटेल ने कराया था मुक्त'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय गृह** एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरदार पटेल ने हैदराबाद को निजाम के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। गृहमंत्री शाह ने रविवार को हैदराबाद मुक्ति दिवस पर हैदराबाद में आयोजित जनसभा में कहा कि लौहपुरुष सरदार पटेल न होते तो इस विशाल क्षेत्र को इतनी जल्दी मुक्ति नहीं मिलती। वो सरदार पटेल ही थे जिन्होंने राष्ट्र सर्वप्रथम के सिद्धांत को चरितार्थ कर हैदराबाद में पुलिस एक्शन का निर्णय लिया और खून का कतरा बहाए बिना निजाम के रजाकारों की सेना को सरेंडर करने पर मजबूर किया था। शाह ने कहा कि अंग्रेजों से आजादी के बाद 399 दिन तक हैदराबाद पर क्रूर निजाम का शासन रहा। ये 399 दिन यहां की जनता के लिए नर्क की यातनाओं से भी कठिन थे। सरदार पटेल ने इस क्षेत्र की जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए 400वें दिन इस क्षेत्र को आजाद कराया। इस आंदोलन में कई संगठनों ने संघर्ष किया। उस्मानिया यूनिवर्सिटी का वंदे मातरम् आंदोलन हो या बीदर के किसानों के लोकसंघर्ष के गीत और आंदोलन हों, पर इन सभी के संघर्ष को अंतिम स्वरूप सरदार पटेल ने दिया।

**अहम भूमिका**

8 वो सरदार पटेल ही थे जिन्होंने राष्ट्र सर्वप्रथम के सिद्धांत को चरितार्थ कर हैदराबाद में पुलिस एक्शन का निर्णय लिया

## जवान की सर्विस राइफल से एक्सीडेंटल फायरिंग, साथी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/बांदीपोरा**
**जम्मू-कश्मीर** के बांदीपोरा जिले में रविवार यानी 17 सितंबर को सेना के एक जवान की सर्विस राइफल से गलती से फायरिंग हो गई। इससे एक जवान की मौत हो गई, जबकि एक अन्य साथी घायल हो गया। बांदीपोरा जिला पुलिस ने सोशल मीडिया पर मामले की जानकारी दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मामला 14 राष्ट्रीय राइफल्स के कैंप का है। रविवार को कैंप में एक जवान की राइफल गलती से जमीन पर गिर गई। जिससे राइफल से फायरिंग हो गई। गोलियां दो जवानों को लगीं। दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे का अभी इलाज चल रहा है। घटना के बाद आरोपी जवान को हिरासत में ले लिया गया है। प्रोटोकॉल के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## पानीपत में मेजर आशीष के घर पहुंचे सीएम मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कश्मीर** के अनंतनाग में 13 सितंबर को आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हुए मेजर आशीष धौंचक (36) के घर हरियाणा के सीएम मनोहर लाल पहुंचे। सीएम, पलवल से बाय एयर पानीपत सेक्टर 13-17 स्थित हैलीपेड पर पहुंचे। यहां गाड़ी के माध्यम से स्थित शहीद मेजर आशीष के नवनिर्मित आवास पर पहुंचकर परिजनों से दुख साझा किया। मनोहर लाल ने कहा कि परिवार से मिलकर पता लगा कि मेजर आशीष बहुत ही बहादुर थे।



उनका नाम अमर रहे, इसके लिए समाज के साथ मिलकर प्रयास करेंगे। परिवार के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। ये बहुत विषम परिस्थिति हैं। क्योंकि परिवार में वे तीन बहनों के इकलौते भाई थे। उनकी 2 साल की बेटी है। उनकी पत्नी और बेटी के भविष्य के लिए सरकारी प्रक्रिया के अनुसार अधिकतम सहयोग किया जाएगा। 50 लाख रुपए की राशि शहीद के परिवार को दी जाती है। इसके अलावा उनकी पत्नी को शैक्षणिक योग्यता के अनुसार नौकरी दी जाएगी। उनका नाम अमर रखने के लिए पार्क, स्कूल, मार्ग इत्यादि का नाम रखने के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

**दुख में साथ**

8 50 लाख के अलावा पत्नी को नौकरी देंगे; स्कूल-पार्क का नाम रखने पर भी विचार होगा

**संबोधित किया**

सबको मूर्ख बना सकते हैं, खुद को नहीं: चीफ जस्टिस

## ईमानदारी कानूनी पेशे का मुख्य स्तंभ: चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**चीफ जस्टिस** ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि हम सबको मूर्ख बना सकते हैं लेकिन खुद को नहीं। हमारा कानूनी पेशा फलेगा-फूलेगा या खत्म हो जाएगा, ये इस बात पर निर्भर करता है कि हम अपनी ईमानदारी बरकरार रखते हैं या नहीं। ईमानदारी कानूनी पेशे का मुख्य स्तंभ है। यह एक आंधी से नहीं मिटती है, यह छोटी-छोटी रियायतों और समझौतों से मिटती है जो एडवोकेट और जज कई बार अपने क्लाइंट को देते हैं।

चंद्रचूड़ ने ये बातें नागपुर स्थित महात्मा गांधी मिशन विश्वविद्यालय



में बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच और बॉम्बे हाईकोर्ट के एडवोकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक प्रोग्राम में कहीं। हम सभी अपने विवेक के साथ सोते हैं। यह हर रात सवाल पूछता रहता है। हम या तो ईमानदारी के साथ जिंदा रहेंगे या खुद का आत्म-विनाश कर लेंगे।

**वकीलों को तब सम्मान मिलता है जब वे न्यायाधीशों का सम्मान करते हैं:** चंद्रचूड़ ने कहा कि वकीलों को तब सम्मान मिलता है जब वे न्यायाधीशों का सम्मान करते हैं और न्यायाधीशों को तब सम्मान मिलता है जब वे वकीलों का सम्मान करते हैं। यह तब होता है जब दोनों को लगता है कि दोनों न्याय के एक ही पहिये के हिस्से हैं। न्यायपालिका में महिलाओं के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि लिंग अकेले महिला का मुद्दा नहीं है और यह समान रूप से पुरुष का भी मुद्दा है। मेरा मानना है कि भारतीय कानूनी पेशे के सामने एक जरूरी चुनौती समान अवसर वाला पेशा बनाना है। ऐसा इसलिए है क्योंकि आज की कानूनी पेशे की संरचना इसे 30 या 40 साल बाद परिभाषित करेगी। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने लॉ स्टूडेंट्स को सलाह दी कि जब आपके पास मौका हो तो दूसरों को ऊपर उठाएं। चाहे आप किसी भी तरह के वकील बनें, इस पेशे को और ज्यादा लचीला बनाने में मदद करें।

**ईमानदारी**

8 यह एक आंधी से नहीं मिटती है, यह छोटी-छोटी रियायतों और समझौतों से मिटती है: चीफ जस्टिस

## कांग्रेस को 5 राज्यों में बहुमत मिलने का भरोसा

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**
**कांग्रेस** वर्किंग कमेटी की हैदराबाद में चल रही मीटिंग रविवार यानी 17 सितंबर को खत्म हो गई। इस दौरान 14 सूत्रीय प्रस्ताव पास किया गया। इसमें भरोसा जताया गया है कि पार्टी साल के अंत में 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में बहुमत हासिल कर लेगी। साल के अंत में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में चुनाव होने हैं।सूत्रों के हवाले से बताया कि मीटिंग में चुनावी राज्यों के अध्यक्षों ने भी प्रेजेंटेशन दिया। इसमें चुनावी रणनीति, प्रचार और तैयारियों के बारे में बताया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि देश की जनता बदलाव चाहती है



और कांग्रेस आने वाले चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी कानून-व्यवस्था, स्वतंत्रता, सामाजिक-आर्थिक और समानता को लेकर जनता की उम्मीदों को पूरा करेगी।

**ये आराम से बैठने का वक्त नहींः** मीटिंग के दूसरे दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस नेताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा- ये आराम से बैठने का समय नहीं है। दिन-रात मेहनत करनी होगी। जहां हमारी राज्य सरकारें हैं, उनके अच्छे कामों को प्रचारित करना होगा।

# भव्यता और विरासत का प्रतीक 'यशोभूमि'

## इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर के पहले चरण का लोकार्पण किया, साझा कीं रोचक तस्वीरें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को द्वारका में स्थित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर के पहले चरण का लोकार्पण किया। आईआईसीसी समृद्ध भारत की तस्वीर पेश कर रहा है। इसकी भव्यता देखते ही बनती है। प्रधानमंत्री मोदी ने अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आईआईसीसी को राष्ट्र को समर्पित किया। जिसे 'यशोभूमि' नाम दिया गया है। बता दें कि यशोभूमि को तकरीबन 5,400 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। इस केंद्र में विश्व-स्तरीय बैठक, सम्मेलन और प्रदर्शनियों की मेजबानी की जा सकती है। यह दुनिया के सबसे बड़े सम्मेलन और प्रदर्शनी सुविधा स्थलों में से एक है। ऐसे में देखिये प्रधानमंत्री मोदी से जुड़ी हुई इस केंद्र की तस्वीरें। प्रधानमंत्री मोदी ने 'यशोभूमि' को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक, 'यशोभूमि' स्थिरता के प्रति एक मजबूत प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। 73,000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में कन्वेंशन सेंटर बना। इसकी भव्यता देखते ही बनती है। यशोभूमि के बाहर प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'यशोभूमि' के पहले चरण के उद्घाटन पर एक प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक प्रदर्शनी का दौरा करते हुए वहां मौजूद कर्मचारियों के साथ बातचीत की और उनकी बात सुनी। सनद रहे कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'यशोभूमि' के पहले चरण के लोकार्पण से पहले एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के नए विस्तार का उद्घाटन किया। इसी के साथ ही एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन में एक नया स्टेशन यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 शामिल हो गया, जिसके साथ ही एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन में स्टेशनों की संख्या बढ़कर सात हो गई।





### सुसज्जित

8 प्रधानमंत्री मोदी ने एक प्रदर्शनी का दौरा करते हुए वहां मौजूद कर्मचारियों के साथ बातचीत की

### एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के उद्घाटन में सीएम केजरीवाल को नहीं बुलाने पर भड़की आप

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने दिल्लीवासियों को अपने 73वें जन्मदिन के मौके पर सौगात दी हैं। पीएम ने रविवार को दिल्ली मेट्रो के द्वारका सेक्टर-21 एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के एक्सटेंशन का उद्घाटन किया। एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के उद्घाटन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नहीं बुलाए जाने पर आम आदमी पार्टी (आप) ने जताई आपत्ति है। आप ने कहा कि डीएमआरसी में आधा पैसा दिल्ली सरकार का लगा है। मगर प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन करने के कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नहीं बुलाया जाना केंद्र सरकार की छोटी सोच को दर्शाता है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर हमला बोला है। दिल्ली में प्रधानमंत्री एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइनह्व का उद्घाटन करेंगे। दिल्ली मेट्रो का 50% खर्च दिल्ली सरकार उठाती है, लेकिन मोदी जी वाली छोटी राजनीति करते हैं इसीलिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निमंत्रण भेजना जरूरी नहीं समझा। दिल्ली दिल वालों की है प्रधानमंत्री जी इसलिए आप कभी नहीं जीत पाए क्योंकि आपका दिल छोटा है और निम्न स्तर की राजनीति दिल्ली वालों का पसंद नहीं। प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के एक्सटेंशन का उद्घाटन कर मेट्रो की सवारी और मेट्रो में काम करने वाले कर्मचारियों से भी बातचीत की। नए एक्सटेंशन पर यात्रियों के लिए मेट्रो का परिचालन दोपहर तीन बजे से शुरू हो किया गया। दिल्ली मेट्रो की लगभग 2 किलोमीटर लंबी यशोभूमि लाइन द्वारका सेक्टर-21 और इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर को जोड़ेगी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारका में यशोभूमि के नाम से मशहूर इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर के पहले चरण का भी आधिकारिक तौर पर अनावरण किया।

# सड़कों के रखरखाव को बनीं सरकार की 2 योजना फेल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पीडब्ल्यूडी** द्वारा पूरी दिल्ली में विकसित की जा रहीं सड़कों से संबंधित सुविधाओं के रखरखाव के लिए अब अलग-अलग एजेंसी निर्धारित होंगी। फुटपाथ, हरियाली और सड़कों की मरम्मत और गड्ढों के लिए अलग एजेंसी काम करेंगी। इसके तहत पीडब्ल्यूडी के जनकपुरी सब-डिवीजन में पायलट प्रोजेक्ट पर काम होगा। इससे पहले तीनों काम के लिए एक ही कंपनी लगाने की योजना पर काम हो रहा था। पर अब पीडब्ल्यूडी नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। सरकार ने पिछले वर्ष पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली 1,400 किमी लंबी सड़कों के पुनर्विकास की योजना बनाई थी। रखरखाव भी इसी कंपनी को करना था। योजना पर 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने का अनुमान था।

**भारी-भरकम बजट की वजह से आगे बढ़ी योजना:** इस पर काम करने की बात की जा रही थी। फरवरी में मुख्यमंत्री ने इस योजना की घोषणा भी की थी। सरकार इस महत्वाकांक्षी योजना को तेजी से आगे बढ़ाना चाहती थी। योजना में एक ही कंपनी को सड़कों से संबंधित सभी काम देने की बात की जा रही थी, लेकिन भारी-भरकम बजट के कारण योजना आगे नहीं बढ़ सकी। इसके बाद दूसरी योजना के तहत सड़कों के रखरखाव के साथ सड़क बनाने के काम में निजी कंपनी की हिस्सेदारी पर विचार किया गया, लेकिन यह योजना भी सिरे नहीं चढ़ सकी।

# जेठ-बहू का रिश्ता कलंकित: 29 जून को जो हुआ उसके बाद से डर गई विवाहिता




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

उत्तरी दिल्ली के सराय रोहिल्ला इलाके में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। 29 जून को यहां विवाहिता के साथ जो हुआ उसके बाद से वह तरह डर गई। उसने यह बात किसी को नहीं बताई। अब हिम्मत जुटाकर उसने मामले की शिकायत अपने पति से की। बाद में पुलिस को खबर दी गई। पुलिस ने छानबीन के बाद विवाहिता के साथ मारपीट, नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया है। नशीला पदार्थ खिलाकर 19 वर्षीय एक विवाहिता के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। विवाहिता के जेठ ने दावत के बहाने उसे अपने घर बुलाया। बाद में वारदात को अंजाम देकर उसका वीडियो भी बना लिया।

# बस स्टैंड का नाम बदलने पर लोग जता रहे आपत्ति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिलशाद** गार्डन जे एंड के पॉकेट के बाहर लगे बस स्टैंड का नाम बदलने पर स्थानीय लोग आपत्ति जता रहे हैं। डीटीसी के इस बस स्टैंड पर पहले दिलशाद गार्डन जे एंड के पॉकेट लिखा था। वहीं, कुछ दिन पहले बस स्टैंड पर पेंट करके इस पर श्मशान घाट दिलशाद गार्डन लिख दिया गया है। इसके विरोध में जे एंड के पॉकेट आरडब्ल्यूए ने सिंधिया हाउस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शिकायत भी दी है। आरडब्ल्यूए का कहना है कि बस स्टैंड का नाम वापस जे एंड के नहीं किया गया तो वह विरोध प्रदर्शन करेंगे। आवासीय कल्याण समिति के अध्यक्ष डीके भंडारी ने बताया कि क्षेत्रवासियों को श्मशान घाट के नाम पर बस स्टैंड का नाम होने से आपत्ति है, क्योंकि आसपास के लोग इस जगह को जे एंड के नाम से ही जानते हैं। पिछले करीब 50 वर्षों से जब से दिलशाद गार्डन जे एंड के पॉकेट बसा है तभी से इस बस स्टैंड का पॉकेट के नाम पर ही है। अब अचानक से बस स्टैंड पर श्मशान घाट लिख दिया गया है जोकि गलत है।

# ...फिर भी करोड़ों का होगा डूसू चुनाव

## आचार संहिता का हो रहा उल्लंघन

### खर्च पर नजर

8 उम्मीदवारों की घोषणा होते ही छात्र संगठनों व उनके प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली विश्व**विद्यालय छात्रसंघ चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा होते ही छात्र संगठनों व उनके प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जिस तरह प्रचार के लिए उम्मीदवारों की गाड़ियों का काफिला सड़कों पर दौड़ रहा है और पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स और हैंडबिल उड़ते नजर आ रहे हैं उससे इस साल भी डूसू चुनाव का खर्च करोड़ों का रहने वाला है। जबकि एक उम्मीदवार के लिए चुनाव खर्च सीमा पांच हजार रुपये ही है। इस बार भी चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए उम्मीदवार पैसा खर्च करने में पीछे नहीं है। इसके बावजूद खर्च पांच हजार रुपये ही दिखाया जाएगा। तर्क यह दिया जाएगा कि समर्थकों ने पैसा खर्च किया है। लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों के अनुसार प्रत्याशियों के समर्थकों पर नियम लागू नहीं होते हैं।




### एक दिन का खर्च भी सीमा से अधिक

**छात्र** संगठनों का कहना है कि यदि प्रत्याशी आचार संहिता का ईमानदारी से पालन करते हुए भी प्रचार करें तो एक दिन का खर्च ही कुल चुनाव खर्च सीमा से ऊपर चला जाएगा। अभी प्रचार के दौरान कैलेंडर, डायरी, पैन बांटने की बातें सामने आ रही हैं। प्रचार के दौरान प्रत्याशी को लुभाने के लिए फ्री फिल्म टिकट, बर्गर, चाय, तक की व्यवस्था करते हैं। छात्र संघ चुनाव में इतना सब करने के कारण यह चुनाव लाखों-करोड़ों का हो जाएगा। प्रत्याशी भी कहते हैं कि महंगाई बढ़ गई है इसलिए पांच हजार की चुनावी खर्च सीमा आज के समय में व्यावहारिक नहीं है।

डीयू प्रशासन ने इस साल भी डूसू चुनाव में एक उम्मीदवार के लिए चुनाव खर्च सीमा पांच हजार रुपये तय की है, लेकिन वास्तव में उम्मीदवारों का एक दिन का चुनाव प्रचार खर्च पांच हजार रुपये से कहीं अधिक आता है। उम्मीदवारों का कहना है कि यह चुनावी खर्च सीमा काफी कम है। डीयू में चुनाव से 52 कॉलेज जुड़े हुए हैं, नॉर्थ व साउथ कैंपस के कॉलेजों को छोड़ दें तो बाहरी दिल्ली के कॉलेज काफी दूर-दूर हैं। ऐसे में इन कॉलेजों में आने-जाने में पेट्रोल पर काफी खर्च हो जाता है। प्रत्याशी कहते हैं कि कॉलेजों में प्रचार के लिए जाने के लिए वाहनों का इस्तेमाल करना पड़ता है और समर्थकों के साथ अन्य साधनों से कॉलेजों तक नहीं पहुंचा जा सकता है।

# हवलदार पर रॉड से किया हमला



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**ख्याला** में कार सवार युवकों ने पहले लापरवाही से वाहन चलाते हुए हवलदार की कार को टक्कर मार दी। हवलदार के ठीक से कार चलाने की नसीहत देने पर युवकों ने ओवरटेक कर उसकी कार रुकवाई और रॉड से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। ईंट मारकर कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घायल पुलिसकर्मी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। घायल हवलदार की पहचान एमजी राजेश (50) के रूप में हुई है। वह तिलक नगर में रहता है और अशोक विहार के एसीपी के कार्यालय में तैनात है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात 11 बजे पुलिस को गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल से एक व्यक्ति के घायल होने की जानकारी मिली। अस्पताल पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल शख्स दिल्ली पुलिस में हवलदार एमजी राजेश है। हवलदार ने बताया कि वह कार से घर की ओर जा रहा था। ख्याला के घोड़े वाले मंदिर के पास एक कार ने उसकी कार को ओवरटेक किया। इस दौरान उसकी कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने अपनी कार रोक दी। यह देखकर आरोपी कार चालक ने भी अपनी कार रोक दी। राजेश उसमें सवार युवकों को ठीक से कार चलाने की नसीहत देकर घर रवाना हो गए।

# फ्रांस की तर्ज पर विकसित होंगे राजघाट के पास मौजूद पार्क

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजघाट** जो कि हराभरा क्षेत्र हैं लेकिन इसके सामने लाल किले के पीछे तक चार पार्क बने हुए हैं वह खस्ताहाल हैं। अब इन पार्कों का सुंदरीकरण और विकास अलग-अलग थीम के आधार पर किया जाएगा। लाल किला के सामने मौजूद पार्कों को फ्रांस के वर्सेल्स गार्डन के तर्ज पर विकसित किया जाएगा। उपराज्यपाल ने जी 20 शिखर सम्मेलन से हुए दिल्ली में सुंदरीकरण के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए यह कार्य करने के निर्देश दिए है। इसके लिए स्वयं उपराज्यपाल वीके सक्सेना इन पार्कों का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की।

### थीम पर...

8 अब इन पार्कों का सुंदरीकरण और विकास अलग-अलग थीम के आधार पर किया जाएगा

**21 करोड़ की लागत से होंगे यह कार्य:** इन पार्कों में संगमरमर और अन्य पत्थर की मूर्तियों और कलाकृतियों, जलाश्य, फव्वारों, आकर्षक पौधों, चेरी ब्लासम, चीनार आदि जैसे पेड़ों, फूलों से नया रूप मिलेगा। घटा मस्जिद, उर्दू अकादमी और सद्भावना पार्कों के चारों तरफ की मध्यकालीन दीवार की मरम्मत की जाएगी।

# डूसू चुनाव: 23 सितंबर को सुबह आठ बजे शुरू होगी मतगणना

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के लिए 22 सितंबर को मतदान होना है। प्रत्याशियों की घोषणा हो चुकी है। प्रचार अभियान जोरों पर चल रहा है। ऐसे में लिंगदोह समिति की ओर से बनाए गए नियम टूटते दिखाई भी दे रहे हैं। इनको रोकने के लिए डीयू ने क्या कदम उठाए हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय ने चुनाव के लिए क्या तैयारी की है। सुरक्षा व्यवस्था कैसी होगी और कितनी ईवीएम चुनाव में लगाई जाएंगी। वोट की गिनती कब से होगी और परिणाम कब आएंगे।

# डीयू की राजनीति से निकल सियासी फलक पर चमके कई सितारे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**छात्र जीवन** में राजनीति के दांवपेच सीखने वाले छात्र नेता केंद्रीय राजनीति के फलक पर खूब चमके। इनमें दिल्ली विश्वविद्यालय व जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय का बड़ा प्रतिनिधित्व अधिक है। इन दिनों दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव को लेकर कैंपस में हलचल तेज है। छात्र राजनीति की नई पौध अपनी पहचान बनाने में जुटी है। इसके पहले की जो पौध थी, उसमें कई ने राष्ट्रीय राजनीति में बड़े मुकाम हासिल किए। इसमें भाजपा नेता व पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल, कांग्रेस नेता अजय माकन और विहिप के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार का नाम शामिल हैं, वहीं पैंगबर मामले में विवादों में रहीं नूपुर शर्मा भी डूसू अध्यक्ष रह चुकी हैं। डीयू में शुरू से भाजपा की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और कांग्रेस की भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआइ) छात्र शाखा के इर्द-गिर्द ही छात्र राजनीति रही है तो राष्ट्रीय फलक पर इसी के नेता भी पहुंचे हैं।




**1974 में डूसू अध्यक्ष बने थे अरुण जेटली:** डूसू के उल्लेखनीय पदाधिकारियों में अरुण जेटली शामिल हैं जो एबीवीपी के सदस्य थे और 1974 में डूसू के अध्यक्ष बने। एनडीए सरकार में कानून मंत्री बने, पांच साल तक भाजपा महासचिव रहे और उसके बाद राज्यसभा में विपक्ष के नेता बने। मोदी सरकार में वित्त मंत्री रहे। वर्ष 2019 में उनका देहांत हो गया। विजय गोयल 1977-78 में डूसू अध्यक्ष बने। बाद में दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री तक का सफर तय किया।

### छात्र राजनीति

8 पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री गोयल, कांग्रेस नेता अजय माकन भी यही से निकले

**1985 में डूसू अध्यक्ष बने थे अजय माकन:** अजय माकन भी केंद्रीय मंत्री बने और कांग्रेस के महासचिव रहे। उन्हें 1985 में डूसू अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। अलका लांबा एनएसयूआइ की पूर्व अध्यक्ष हैं और 1995 में डूसू अध्यक्ष थीं। वर्तमान में दिल्ली कांग्रेस की नेता हैं। भाजपा नेता और दिल्ली विधानसभा के पूर्व सदस्य अनिल झा 1997-98 तक डूसू के अध्यक्ष रहे।


# अधर में लटका: अब अगले साल मार्च तक पूरा होगा द्वारका एक्सप्रेस-वे का काम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**निर्माण कं**पनियों की लापरवाही ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के सपने को ध्वस्त कर दिया। गडकरी ने द्वारका एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट को इस साल के भीतर पूरा कराने का लक्ष्य रखा था, लेकिन अब अगले साल मार्च तक पूरा होगा यानी दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर से ट्रैफिक जाम का झंझट अगले साल मार्च तक खत्म नहीं होगा। न केवल द्वारका एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य 20 प्रतिशत से अधिक बाकी है बल्कि इस एक्सप्रेस-वे से दिल्ली-एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए बनाई जा रही सुरंग का काम भी 20 प्रतिशत से अधिक बाकी है। गुरुग्राम भाग को इस साल मई में ही चालू किया जाना था लेकिन बताया जाता है कि अभी एक से दो महीने और लगेंगे। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर से ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए गुरुग्राम में खेड़कीदौला टोल प्लाजा के नजदीक से लेकर दिल्ली के महिपालपुर में शिवमूर्ति के सामने तक लगभग नौ हजार करोड़ रुपये की लागत से द्वारका एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जा रहा है। काम तेजी और बेहतर तरीके से हो, इसे ध्यान में रखकर प्रोजेक्ट दो हिस्से में बांटा गया।

**गुरुग्राम की सड़कों पर चलेगी इलेक्ट्रिक बस, चार्जिंग स्टेशन बनाने का जल्द शुरू होगा काम**

गुरुग्राम हिस्से की जिम्मेदारी नामी कंपनी एलएंडटी के पास है जबकि दिल्ली हिस्से की जिम्मेदारी भी नामी कंपनी जय कुमार इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड के पास है। दोनों कंपनियां समय पर प्रोजेक्ट पूरा करने में विफल साबित हो गईं। दोनों हिस्से में निर्माण कार्य के दौरान हादसा होने से कई महीने तक कार्य प्रभावित रहे। यह हाल तब जब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी समय-समय पर प्रोजेक्ट का स्वयं निरीक्षण कर रहे हैं। कई बार प्रोजेक्ट की समीक्षा बैठक कर चुके हैं। मई महीने के दौरान निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए गडकरी ने कहा था कि अगले छह महीने के भीतर प्रोजेक्ट पूरा कर लिया जाएगा लेकिन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी मोहम्मद सफी का कहना है कि मार्च तक प्रोजेक्ट पूरा होगा।



**देश का पहला अर्बन एक्सप्रेस-वे:** द्वारका एक्सप्रेस-वे देश का पहला अर्बन एक्सप्रेस-वे है। यह देश पहला एक्सप्रेस-वे होगा जिसका एलिवेटेड हिस्सा सिंगल पिलर के ऊपर बनाया जा रहा है। निर्माण में दो लाख एमटी स्टील का इस्तेमाल होगा जो एफिल टावर के निर्माण की तुलना में 30 गुना अधिक है। 20 लाख सीयूएम कंक्रीट का इस्तेमाल किया जाएगा जो बुर्ज खलीफा की तुलना में छह गुना अधिक है। प्रोजेक्ट के लिए 12 हजार से अधिक पेड़ों का ट्रांसप्लांट किया गया है। अनुमान है कि इसके चालू होने से दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर ट्रैफिक का दबाव 40 प्रतिशत से अधिक कम हो जाएगा।

### अधूरा

8 इस एक्सप्रेस-वे से दिल्ली-एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए बनाई जा रही सुरंग का काम भी 20 प्रतिशत से अधिक बाकी

**देश का सबसे छोटा एक्सप्रेस-वे:** द्वारका एक्सप्रेस-वे देश का सबसे छोटा एक्सप्रेस-वे है। इसका 18.9 किलोमीटर हिस्सा गुरुग्राम में, बाकी 10.1 किलोमीटर हिस्सा दिल्ली में है। इसमें से 23 किलोमीटर भाग एलिवेटेड और लगभग चार किलोमीटर भूमिगत (टनल) बनाया जा रहा है। गुरुग्राम एवं दिल्ली के हिस्से को दो-दो भाग में बांटा गया है। गुरुग्राम के दोनों भागों के निर्माण की जिम्मेदारी एलएंडटी नामक कंपनी के पास जबकि दिल्ली इलाके के दोनों भागों की जिम्मेदारी जय कुमार इंफ्रा प्रोजेक्ट लिमिटेड नामक कंपनी के पास है। दिल्ली में पहला भाग गुरुग्राम-दिल्ली सीमा से बिजवासन तक लगभग 4.20 किलोमीटर का है। इसके ऊपर 2068 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। दूसरा भाग बिजवासन से महिपालपुर में शिवमूर्ति तक 5.90 किलोमीटर का है। इसके ऊपर 2507 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। गुरुग्राम इलाके में पहला भाग खेड़कीदौला टोल प्लाजा के नजदीक से बसई-धनकोट के नजदीक तक लगभग 8.76 किलोमीटर का है। इसके ऊपर 1859 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। दूसरा भाग बसई-धनकोट के नजदीक से गुरुग्राम-दिल्ली सीमा तक लगभग 10.2 किलोमीटर का है। इसके भाग के ऊपर 2228 करोड़ रुपये खर्च होने की अनुमान है।

नई दिल्ली, 18 सितंबर 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**रक्तदान शिविर**

8 देश का युवा प्रधानमंत्री के आह्वान पर एकता, अखंडता कायम रखने के लिए मर मिटने को तैयार रहेगा





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
देश के सबसे लोकप्रिय नेता एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी सोनीपत विधानसभा के युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर लगाकर संदेश दिया कि देश का युवा प्रधानमंत्री के आह्वान पर एकता, अखंडता कायम रखने के लिए मर मिटने को तैयार रहेगा। शिविर में बड़े ही जोश के साथ 150 से ज्यादा रक्तदाता रक्तदान करने पहुंचे।।

रोटरी क्लब मिडटाउन परिसर में आयोजित शिविर में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन ने मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस की बधाई दी और युवाओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग, सूर्य की कक्षा के लिए आदित्य एल-1 समेत अनेक सफलताएं मोदी के कुशल नेतृत्व का कमाल है और प्रत्येक भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। देश पाँचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बना है और आगामी 25 वर्षों में ही विश्व गुरु बन जाएगा, इसलिए हमें मोदी का समर्थन करते रहना है।

युवा मोर्चा ज़िलाध्यक्ष योगेश जठेड़ी एवं महामंत्री अमित जैन के नेतृत्व में आयोजित रक्त दान शिविर में प्रदेश महामंत्री एवं विधायक मोहनलाल बडोली ने पहुंचकर कहा कि युवाओं की सही सोच भारत को आगे बढ़ा सकती है, नहीं तो विपक्षी दल कभी सनातन को गाली देकर, देश विरोधी ताकतों का साथ देकर, आतंकवादियों की मदद करके युवाओं को दिशा भ्रमित कर सत्ता हथियाना चाहते हैं। शिविर में पहुँचे जिलाध्यक्ष तीरथ राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़े के रूप में मनाकर दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत के अनुसार समाज के उपेक्षित वर्ग की सेवा के कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

रक्तदान शिविर में रोटरी क्लब सोनीपत मिडटाउन के प्रधान रविन्द्र भारद्वाज, राकेश देवगन, सेक्रेटरी भूपेश खन्ना, टी० एन० तिवारी, ओ०पी० बत्रा, राजेश रेलन, संदीप जेटली, भारतीय जनता पार्टी से विधानसभा संयोजक नवीन मंगला, तीनों मंडलों के अध्यक्ष नरेश वर्मा, सुरेंद्र मदान, मुकेश बत्रा, पार्षद हरि प्रकाश सेनी, अतुल जैन, संजीव वलेचा, त्रिभुवन कौशिक, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सोनू कलोड़िया, जतिन कत्याल, उपाध्यक्ष राहुल शर्मा, प्रदीप गोल्डी, आर्यन जांगड़ा, साहिल मल्होत्रा, विशाल नंदा, खुशहाल कोचर, नीतीश, रजत जैन, पंडित अमित शौनक, मीनु सैनी, भावना, रेखा गर्ग आदि मौजूद रहे।

# अंबाला छावनी में करियर एसोसिएशन की हुई बैठक




**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
अंबाला कोरियर एसोसिएशन की मीटिंग निकलसन रोड़ अंबाला कैंट में संपन्न हुई। जिसमे सर्वसम्मति से नरेंद्र आहूजा को अंबाला कोरियर एसोसिएशन का प्रधान चुना गया और अन्य कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसके अनुसार विजय शर्मा जनरल सैक्टरी, गुरमीत सिंह व सुमित कैशियर, नीरज डांग व अरुण सेक्रेटरी, गुलशन वर्मा उपप्रधान, अमित गुलाटी लीगल एडवाइजर, नीरज डांग मीडिया एडवाइजर के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर बात करते हुए नवनियुक्त प्रधान नरेंद्र आहूजा ने कहा के कोरियर एसोसिशन अंबाला की पूरी कार्यकारिणी अपनो हकों व अन्य परेशानियों को हल करने के साथ साथ समय समय पर सामाजिक कार्यों में भी अपना पूर्ण रूप से योगदान देने का कार्य करेगी।

# किन्नर समाज को कोई भी 1100 से अधिक राशि ना दे: गौड़ सभा



**ऐलान**

8 गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश महता एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** रविवार को गौड़ ब्राह्मण सभा नारनौल की बैठक सभा के प्रधान व वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश महता की अध्यक्षता में हुई।बैठक में निर्णय लिए गया की सभा द्वारा चलाए जा रहा सदस्यता अभियान में विप्रजनों के उत्साह के दृष्टिगत सदस्यता आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 अक्टूबर किया गया है जो भी विप्रजन एवं ब्राह्मण बंधु सभा के संविधान के अनुसार सदस्य बनने की योग्यता रखते हैं, वो 31 अक्टूबर तक सदस्य बनने के लिए आवेदन दे सकता है।बैठक में निर्णय लिया कि 25 सितंबर को झल झूलनी एकादशी के पर्व पर भगवान श्री सूर्य नारायण मंदिर से दोपहर बाद 3:00 बजे सूर्य भगवान का डोला अर्थात शोभा यात्रा हर वर्ष की भांति निकल जाएगी जिसमें सभी ब्राह्मण बंधु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे वही सभा के संरक्षण में जिला स्तर पर अनुष्ठान एवं कर्मकांड वाले भी प्रजनन एवं विद्वानों की परिषद का गठन किया जा रहा है जिसमें धार्मिक पर्व त्यौहार एवं उत्सवों के लिए संशय की तिथि में शोध करके एक निर्णय किया जाएगा ताकि सभी पर्व जिला स्तर पर एक ही दिन आयोजित हो और समाज में फैले भ्रम को दूर किया जाए परिषद का नाम विद्वत ब्राह्मण परिषद नारनौल है। बैठक में निर्णय लिया की किन्नर समाज के बंधुओं द्वारा खुशी एवं अन्य अवसरों पर जबरन धमकियां देखकर, गालियां देकर ऐसी वचन बोलकर धन वसूली की जाती है जिसकी बहुत ज्यादा घटनाएं देखने को मिलती है इसलिए सभा द्वारा निर्णय लिया गया है कि कोई भी विप्रजन एवं ब्राह्मण बंधु इन अवसरों पर बधाई के रूप में 1100 रुपए से अधिक धनराशि न दें यदि कोई किन्नर समाज द्वारा अप्रिय गलत घटना की जाति है तो स्थानीय पुलिस एवं सभा को सूचित करें । बैठक में कोई भी विप्रजन ब्राह्मण सभा बंधु 85 वर्ष या इससे अधिक आयु दिनांक 15 अगस्त 2023 को प्राप्त कर चुके हैं उनके इस सभा द्वारा श्राद्ध पक्ष के मौके पर कार्यक्रम खंड स्तर पर आयोजित करके सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का नाम बुजुर्ग विप्रजन सम्मान समारोह रहेगा।

# 'वैश्य समाज एक अक्टूबर को जींद में करेगा राज्य स्तरीय संकल्प रैली'

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल : म**हात्मा गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर 1 अक्टूबर को वैश्य समाज जीन्द में राज्य स्तरीय संकल्प रैली का आयोजन करने जा रहा है। इस रैली के माध्यम से वैश्य समाज जींद की धरती से राजनीतिक शंखनाद करेगा। यह वक्तव्य अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष राजकुमार गोयल ने दिया। राजकुमार गोयल आज यहां पदाधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राजकुमार गोयल ने कहा कि राजनीति में उचित हिस्सेदारी के लिए 1 अक्टूबर को जींद के अर्जुन स्टेडियम में वैश्य समाज प्रदेश स्तर की एक ऐतिहासिक संकल्प रैली आयोजित करने जा रहा है।

# गारबेज फ्री भारत बनाने के उद्देश्य से चलाया सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
गारबेज फ्री भारत बनाने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत रविवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पुराने कूड़े के ढेर को हटाया गया। स्वच्छता पखवाड़े के तहत दो अक्टूबर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती तक जिला के सभी क्षेत्रों में गारबेज फ्री इंडिया थीम के साथ आम नागरिकों तथा सरकारी विभागों के सहयोग से स्वच्छता मुहिम चलाई जाएगी।

एडीसी वैशाली सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से पखवाड़े का शेड्यूल जारी किया गया है। आगामी दो अक्टूबर तक जिला में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न



कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जन भागीदारी के साथ चलाया जा रहा है।
इन कार्यक्रमों में समाजसेवी, स्कूल के विद्यार्थी, स्वच्छता प्रहरियों सहित अधिकारियों और कर्मचारियों का भी सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पखवाड़े के दौरान गांवों में सफाई के प्रति जागरूकता लाने के लिए जन चेतना रैली निकाली जाएंगी व विभिन्न गतिविधियां करवाई जाएगी।
स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।
इससे पहले ग्रामीणों ने शनिवार को आंगनवाड़ी सैंटर, ग्राम सचिवालय, स्कूल, पंचायत भवन, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक शौचालय, फिरनी, तालाब के आसपास महा स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया था। आज रविवार को पुराने कूड़े के ढेर को हटाया गया।

**मुहिम**

8 साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया था। आज रविवार को पुराने कूड़े के ढेर को हटाया गया

# 'मुआवजा नुकसान की भरपाई के लिए पर्याप्त नहीं'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)** बाढ़ से खराब हुई फसलों के मुआवजे को लेकर पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सैनी भिवानीखेड़ा ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों की खराब फसलों के लिए जो मुआवजा घोषित किया है वह पर्याप्त नहीं है इसलिए लगता है कि सरकार किसानों को धोखा दे रही है। सैनी ने कहा कि जिन किसानों ने फसल खराब होने के बावजूद दोबारा धान की रोपाई की है उस पर लगभग?10000 रुपए अतिरिक्त खर्चा आया है ।सरकार किसान को 7000 रुपए देकर धोखा कर रही है जो कि असहनीय है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की शत प्रतिशत बाढ़ के कारण खराब हो गई है उन्हें 40000 प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाए और जिन किसानों ने



मेहनत करके पुन: धान की फसल की बिजाई की है उन्हें ?10000 प्रति एकड़ दिया जाए तभी किसानों के साथ न्याय हो पाएगा । सुरेंद्र सैनी ने कहा कि जो गिरदावरी फसलों की की है उसमें भी प्रदर्शिता नहीं है। वह गिरदावरी भी किसानों को गुमराह करने वाली है सरकार के कर्मचारी और अधिकारी गिरदावरी के नाम पर लीपापोती करके किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं जिसका खामियाजा आने वाले सन् 2024 के चुनाव में वर्तमान गठबंधन सरकार को भुगतना पड़ेगा।

# मेगा हेल्थ कैम्प में विधानसभा अध्यक्ष ने शिरकत की





**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं की ओर विशेष तौर पर ध्यान दे रही है। गरीब व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले और इनका ईलाज मुफ्त हो सके इसके लिए आयुष्मान और चिरायु योजना बनाई गई है। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता महर्षि मारकण्डेश्वर सुपरस्पेसिलिटी अस्पताल, सद्दोपुर में आयोजित मैगा हैल्थ कैंप में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा। यहां पहुंचने पर एमएम यूनिवर्सिटी के चासंलर तरसेम लाल गर्ग व एमएम ट्रस्ट के सचिव विशाल गर्ग ने विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता तथा विधायक असीम गोयल को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।
विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित किए गये इस स्वास्थ्य जांच कैंप के आयोजन के लिए तरसेम लाल गर्ग व विशाल गर्ग को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के कैंपो से लोगों को स्वास्थ्य जांच कराने की सुविधा मिलती है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दिन पी

**योजना**

8 गरीब व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधाएं मिले और इलाज मुफ्त हो सके इसके लिए आयुष्मान और चिरायु योजना बनाई गई

एम विश्वकर्मा योजना का शुभारम्भ नई दिल्ली में नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया है। इस योजना से 18 प्रकार के पारम्परिक कारीगरों-शिल्पकारों को लाभ मिलेगा। उन्होने कहा कि इस योजना में विश्वकर्मा भाई-बहनों को तीन लाख रुपए तक का बिना गारंटी का ऋण तथा 15 हजार रुपए तक की टूल किट देने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा स्किल अपग्रेडेशन के लिए ट्रेनिंग और 500 रुपए प्रतिदिन स्टाईफंड भी दिया जायेगा।
उन्होंने कहा कि महर्षि मारकण्डेश्वर सुपरस्पेसिलिटी अस्पताल, सद्दोपुर में स्वास्थ्य से सम्बन्धित आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं जिससे रोगियों के स्वास्थ्य की जांच कर उनका बेहतर उपचार किया जाता है। प्रदेश सरकार भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

# 'शहीदी दिवस पर होगी नारनौल में विशाल रैली'

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमारी**
**नारनौल।** स्थानीय आईटीआई मैदान में आगामी 23 सितंबर होने वाले शहीदी सम्मान समारोह के लिए पूर्व जिला प्रमुख भाई राम सिंह ने आज मोहनपुर, बापडोली, चंडालिया, जाखनी, जेलाफ, खोडमा, नांगल काठ, महरमपुर, धरसू, निवाजनगर, हाजीपुर, बास, मंडलाना, किरारोद की ढाणी आदि गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों को शहीदी सम्मान रैली में आने का निमंत्रण भी दिया। उन्होंने बताया कि इस रैली में पूर्व मंत्री किरण चौधरी व पूर्व सांसद श्रुति चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगी। इस मौके पर उनके साथ कांग्रेस नेत्री डॉक्टर राज सुनेश यादव भी रही।
शहीदी दिवस के अवसर पर नारनौल की आईटीआई मैदान में 23 सितंबर को शहीदी सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए पूर्व जिला प्रमुख भाई राम सिंह ने आज नारनौल विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों का दौरा किया। इस मौके पर आयोजित सभाओं को संबोधित करते हुए भाई राम सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही शहीदों का सम्मान किया है, जबकि भाजपा ने शहीदों का निरादर किया है।

# वूमैन सोशल वेलफेयर ने विधायक गोयल को किया सम्मानित

**सम्मान**

8 यह समारोह शहर के विधायक असीम गोयल को सर्वश्रेष्ठ विधायक चुने जाने पर रखा गया




**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**एस.ए.जैन** कॉलेज के ऑडिटोरियम में एक नागरिक अभिनन्दन समारोह रखा गया। यह समारोह शहर के विधायक असीम गोयल को सर्वश्रेष्ठ विधायक चुने जाने पर रखा गया। इसमें मैडम बंतो कटारिया विशेष रूप से मौजूद रही। कार्यक्रम में 250 से भी अधिक धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा शहर के विधायक असीम गोयल को स्मृति चिन्ह व बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वूमैन सोशल वेलफेयर सोसायटी की टीम ने भी अपनी उपस्थिति दी तथा सोसायटी की अध्यक्षा व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रेण्ड अम्बेस्डर वीना ढल ने भी शहर के विधायक असीम गोयल को सर्वश्रेष्ठ विधायक चुने जाने पर उन्हें बधाई व उन्हें बुके देकर सम्मानित किया तथा उनके अच्छे कार्यों पर उनका हौंसला बढ़ाया। इस मौके पर सोसायटी की ओर से मैडम प्राची, वीना चड्डा, विपिन नागपाल, दर्शना रानी, शिवानी, दिव्यांशु, संदीप कुमार, अश्वनी कुमार, गोपाल, विजय नागपाल व सतनाम नागपाल भी मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में आधुनिक विकास एवं सशक्त भारत का हो रहा निर्माण: बंसल

## देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हृदयतल से बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं : राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष भाजपा एवं राज्यसभा सांसद डा.नरेश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष भाजपा एवं राज्यसभा सांसद डा.नरेश बंसल ने भारत के गौरव,अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत' की दिव्य संकल्पना को साकार कर रहे भारतीय संस्कृति के संरक्षक एवं संवर्द्धक, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हृदयतल से बधाई और हार्दिक शुभकामनाये प्रेषित की है। नरेश बंसल ने ईश्वर से पी एम मोदी की दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है। बंसल ने कहा कि मोदी को आजीवन मां भारती की सेवा का परम सौभाग्य आपको प्राप्त होता रहे ऐसी मंगल कामना है। श्री नरेश बंसल सोनीपत के जीवीएम कॉलेज में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन जन सेवक वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में भाजपा नेता अमित बिंदल ने किया था। राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष भाजपा एवं राज्यसभा सांसद डा.नरेश बंसल ने कहा कि हर भारतीय के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता दुनिया में अव्वल है। पीएम मोदी एक बार फिर 76 फीसदी अप्रूवल रेटिंग के साथ दुनिया के नेताओं से आगे निकल गए हैं। वैश्विक रेटिंग में शीर्ष पर हैं। दुनियाभर में वह जहाँ भी जा रहे हैं उनके

**पीएम की तारीफ**

8 हर भारतीय के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता दुनिया में अव्वल है : बंसल





स्वागत के लिए लोग पलकें बिछाए दिखाई दे रहे हैं।पीएम मोदी को दुनियाभर के 13 देश अब तक सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित कर चुके हैं।भारत में हाल ही में आयोजित ऋ20 शिखर सम्मेलन की "ऐतिहासिक और अभूतपूर्व" सफलता के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है।
बंसल ने कहा कि पीएम मोदी का लक्ष्य अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, लोगों को सशक्त बनाना और भारत को एक विकसित देश बनाना है। जब देश में गरीबी कम होती है तो मध्यम वर्ग की क्षमता कई गुना बढ़ जाती है।पीएम मोदी नेतृत्व में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का ये कालखंड भारत के भविष्य को गढ़ रहा है।
राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष भाजपा एवं राज्यसभा सांसद डा.नरेश बंसल ने कहा कि हर भारतीय के लिए गौरव की बात है कि उसके ये प्रधानमंत्री ऐसे हैं जो आजादी के बाद देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री हैं। आजादी के बाद सबसे ज्यादा एक भी छुट्टी लिए बगैर 24 घंटे में से 17 घंटे काम करने वाला कोई प्रधानमंत्री अगर है तो वह नरेंद्र मोदी हैं। आजादी के बाद कोई एक सरकार पर जनता को विश्वास है तो वह मोदी सरकार है। दो तिहाई बहुमत से दो-दो बार एनडीए को चुना गया। पूर्ण बहुमत से दो-दो बार भाजपा को चुना गया। 30 साल बाद पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार देने का काम नरेंद्र मोदी ने किया।
आजादी के बाद सबसे ज्यादा किलोमीटर और सबसे ज्यादा दिन प्रवास करने वाला कोई प्रधानमंत्री है तो वह नरेंद्र मोदी हैं।
बंसल ने कहा कि बरसों सरकार चलती है तो दो-चार निर्णय ही ऐसे होते हैं जो युगों तक याद किए जाते हैं। मोदी सरकार के साढ़े नौ साल में कम से कम 50 फैसले ऐसे हैं जो युगांतकारी हैं।

## न्यूज फ्लैश

### एकेडमी के बच्चों से अपना अनुभव सांझी



**पानीपत, कमाल हुसैन**
पीसीसी एकेडमी में मुनीष सहरावत ने शिरकत की जो कि फिलहाल सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर की पद पर नियुक्ति हुई। उन्होंने एकेडमी के बच्चों से अपना अनुभव सांझा किये एवं अपने गुरु पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि इस मुकाम को हासिल करने में मोटिवेशन का श्रेय पीसीसी एकेडमी को ही जाता है। मुनीश ने कहा आज उसने जो सब इंस्पेक्टर का पद प्राप्त किया है। इसमें उनके गुरुजी राजीव परूथी का मोटिवेशन एवं आशीर्वाद ने बहुत साथ दिया। राजीव परुथी ने कहा बड़े गर्व की बात होती है जब कोई शिष्य सफल होकर अपने गुरुओं को मिलने के लिए आता है। राजीव ने कहा कि हमें अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए एवं पुराने वक्त को कभी नहीं भूलना चाहिए। सब इंस्पेक्टर मुनीष को राजीव परुथी ने ट्राफी देकर बधाई दी एवं मिठाई से मुंह मीठा कराया। इस मौके पर ममता, प्राची, भूमि, तनु, संजना, पलक व सिमरन आदि मौजूद रहे।

### क्रोमा पर, 15 सितंबर से 79,900 की शुरूआती कीमत पर आईफोन 15 सीरीज की पहले-पहल प्री-बुकिंग करें!

**गाजियाबाद।** क्रोमा स्टोर्स पर सिर्फ 2,000 रुपये में आईफोन 15 सीरीज की प्री-बुकिंग करें और 24 महीने तक के लिए नो-कॉस्ट ईएमआई और डिलीवरी के दिन पूरा भुगतान करने पर और अधिक ऑफर्स एवं छूट का लाभ उठाएं। भारत में एप्पल की नवीनतम आईफोन 15 सीरीज के आने के साथ, तकनीकी विशेषज्ञों और मोबाइल फोन के शौकीनों को काफी खुशी मिल सकती है। क्रोमा के साथ, 15 सितंबर 2023 से क्रोमा स्टोर्स और ू१ङ्गें ङ्के पर बहुप्रतीक्षित आईफोन 15 सीरीज की पहले-पहल प्री-बुकिंग करें। क्रोमा पर 22 सितंबर 2023 से न्यूफोरिया आईफोन 15 सीरीज, एप्पल वॉच सीरीज 9 और ऐप्पल वॉच अल्ट्रा 2 सभी उपलब्ध होंगे। पहली बार, मुंबई, पुणे और सूरत के सभी ग्राहकों द्वारा 15 सितंबर से 18 सितंबर, 2023 के बीच के शुरूआती चार दिनों में क्रोमा स्टोर्स और क्रोमा डॉट कॉम से अपने आईफोन 15 सीरीज की प्री-बुकिंग करने पर, क्रोमा द्वारा कॉर्डिला क्रूज पर क्रोमा क्रूज कंट्रोल 4.0 के टिकट जीतने का दुर्लभ मौका दिया जा रहा है। प्री-बुकिंग 21 सितंबर 2023 तक सभी स्टोर्स और वेबसाइट पर खुली रहेगी। क्रोमा स्टोर्स सेल डे, 22 सितंबर 2023 को सुबह 8 बजे खुल जाएंगे एक अन्य विशेष प्री-बुकिंग लाभ चुनिंदा शहरों में क्रोमा द्वारा प्रदान की जाने वाली एक्सप्रेस डिलीवरी है, जो किसी भी अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर के पास उपलब्ध नहीं है। ग्राहक एक्सप्रेस डिलीवरी विकल्प के माध्यम से नवीनतम आईफोन 15 सीरीज और ऐप्पल वॉच सीरीज 9 एवं ऐप्पल वॉच अल्ट्रा 2 को प्री-बुक कर सकते हैं और चुनिंदा शहरों में क्रोमा से शीघ्र पहुंच के साथ नवीनतम आईफोन प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति बन सकते हैं। ग्राहक को प्री-बुक किए गए उत्पाद 22 सितंबर 2023 को प्राप्त हो जाएंगे।

### केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया यूपीईएस ऑन का उद्घाटन

**नई दिल्ली :** यूपीईएस देहरादून के ऑनलाइन डिविजन युपीईएस सीसीई का नई ब्रांड यूपीईएस ऑन के रूप में उद्घाटन किया गया। देहरादून में स्थित यूपीएस भारत की टॉप यूजीसी मान्यता प्राप्त निजी यूनिवर्सिटी है यूपीईएस ऑन का उद्घाटन भारत सरकार में शिक्षा एवं कौशल उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा उत्तराखंड सरकार में उच्च शिक्षा एवं मंत्री धन सिंह रावत द्वारा किया गया। नई पहचान और प्रोग्रामों के लिए यूपीईएस ऑन टीम को बधाई देते हुए, धर्मेंद्र प्रधान ने कहा आधार और डिजिलॉकर जैसी डिजिटल पहलों की सफलता इस बात की और संकेत करती है कि हमारा भविष्य डिजिटल होने वाला है अब सभी छात्रों के सर्टिफिकेट डिजिलॉकर पर होंगे, जिसमें पारंपरिक पेपर वर्क जैसे अटेस्टेशन आदि की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। मेरा मानना है कि भारत आज टेक्नोलॉजी में अग्रणी स्थिति में है टेक्नोलॉजी एवं शिक्षा में 20 साल से अधिक के अनुभव के साथ यूपीईएस जैसे संस्थान इसमें महत्वपूर्ण साझेदारी की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा जब मैं पेट्रोलियम मंत्रालय में था तभी से मैंने इस यूनिवर्सिटी को विकसित होते देखा है और आज यह ऑनलाइन शिक्षा प्रदान कर रही है। आप सभी को इस सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएं इस अवसर पर धन सिंह रावत ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की यूपीइएस ना केवल भारत के मेधावी छात्रों को बल्कि 17 विदेश के छात्रों को भी शिक्षा प्रदान कर रही है राज्य में 23 निजी यूनिवर्सिटी है जिसमें से यूपीईएस उत्तराखंड में विकास गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# कैंथला खुर्द में पीएम मोदी का 73वां जन्मदिवस पूरे धूमधाम से मनाया

### यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऊंचाइयों को छू रहा है: मा. बलदेव सिंह सैनी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक ) गांव** कैंथला खुर्द में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस पूरे धूमधाम से मनाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस मनाने के लिए सभी ग्राम पंचायत के सदस्य एवं ग्रामवासी काफी संख्या में आयुष्मान भारत वैलनेस एंड हेल्थ सेंटर में एकत्रित हुए जिन्होंने ढोल नगाड़ों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस पूरे धूमधाम से मनाया इस अवसर पर सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



देश ऊंचाइयों को छू रहा है और दूसरे देशों में भारत का ढंग का बज रहा है विदेश के लोग प्रधानमंत्री से बात करने के लिए एवं राजनीतिक समझौते करने हेतु ललित है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंत्योदय आयुष्मान भाव अंतर एवं गरीबों के लिए अनेकों प्रकार की योजनाएं शुरू की हुई है जो ग्रामीण अंचल में बसने वाले अंतिम आदमी को लाभान्वित कर रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के आखिरी व्यक्ति को

**पीएम की तारीफ**

**8 आज प्रधानमंत्री ने अंत्योदय आयुष्मान भाव अंतर एवं गरीबों के लिए अनेकों प्रकार की योजनाएं शुरू की**

सरकार की नीतियों से जोड़कर उसे लाभान्वित करना ही उनका एकमात्र उद्देश्य है और जो सबके सहयोग से संभव हो रहा है इसलिए भगवान से सभी प्रार्थना कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आयु लंबी हो और वह स्वस्थ रहें और उनके नेतृत्व में देश इसी प्रकार से दिन दोगुनी और रात चौगुनी तरक्की करता रहे।

इस अवसर पर सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी के अतिरिक्त डॉ अनामिका नर्स राज पवन हेल्थ विभाग, कुलदीप सिंह, बलबीर सिंह पंच विजय कुमार पंच,राम किशन, सोहनलाल, मनजीत सिंह, गुरदेव सिंह ,मोनू ,धर्मेंद्र, जगदीश सिंह, गुरुदेव फौजी इत्यादि की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस को मनाने में अहम भूमिका।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल शहीद मेजर आशीष के घर पहुंचे



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीद मेजर आशीष के पानीपत स्थित आवास पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार का ढांढस बंधाया और कहा कि परिवार को सरकार की तरफ से 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। साथ ही शहीद मेजर की पत्नी को योग्यता के अनुसार नौकरी भी दी जाएगी। श्री मनोहर लाल पलवल से अंबाला जाते समय पानीपत में रुके और शहीद के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि मेजर आशीष ने मां भारती की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। दुख की इस घड़ी में सरकार परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि मेजर आशीष का नाम अमर रखने के लिए कार्य किया जायेगा।

## ब्राह्मण समाज की महापंचायत का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन राज** नगर स्थित भगवान परशुराम धर्मशाला में जिला के ब्राह्मण समाज की महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बलवान शर्मा अहर ने की। महापंचायत में समस्त ब्राह्मण सभा के जिला प्रधान राम रतन शर्मा के कार्यकाल को लेकर विचार-विर्मश किया गया। सभी वक्ताओं ने कहा कि नियमानुसार राम रमन शर्मा का 6 महीने का कार्यकाल शेष है उसे यह पूरा करने का मौका दिया जाना चाहिए। उनके द्वारा समाजहित में किए गए कार्यो को अनदेखा नहीं किया जा सकता। वहीं इस पर निर्णय लेने के लिए 101 सदस्यीय कमेटी गठित की गई। जिसने निर्णय लिया की रतन शर्मा अपना कार्यकाल पूरा करे इस दौरान कमेटी हर गांव में जाकर सभा के सदस्य बनायेगी तथा 6 महीने के बाद सदस्य वोट से प्रधान चुनेंगे। वहीं महापंचत में पहुंचे समाज के वरिष्ठ लोगों का पटका, फूल मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत युवा जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा व उनकी टीम द्वारा किया गया। वहीं महापंचायत में पहुंचे राम रतन शर्मा ने आज अपने पद से इस्तीफा देकर समाज की सेवा बिना पद के करने की बात कही।

## विश्वकर्मा निर्मा एवं सृजन के देवता : मनोज गौतम

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़।** भारतीय संस्कृति और पुराणों में भगवान विश्वकर्मा को यंत्रों का अधिष्ठाता और देवता माना गया है। उन्हें हिन्दू संस्कृति में यंत्रों का देव माना जाता है। विश्वकर्मा ने मानव को सुख-सुविधाएँ प्रदान करने के लिए अनेक यंत्रों व शक्ति संपन्न भौतिक साधनों का निर्माण किया। इनके द्वारा मानव समाज भौतिक चरमोत्कर्ष को प्राप्त करता रहा है। प्राचीन शास्त्रों में वैमानकीय विद्या, नवविद्या, यंत्र निर्माण विद्या आदि का भगवान विश्वकर्मा ने उपदेश दिया है। विश्वकर्मा को भारतीय ग्रन्थों एवं हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार निर्माण एवं सृजन का देवता माना गया। उक्त विचार ब्राह्मण सभा महेंद्रगढ़ द्वारा भगवान परशुराम भवन में विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में महेंद्रगढ़ ब्राह्मण सभा सचिव मनोज गौतम ने व्यक्त किए।

## दर्जनभर से अधिक युवाओं ने बीजेपी छोड़कर कांग्रेस का थामा हाथ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
गांव खांडा में दर्जभर से अधिक युवाओं ने बीजेपी छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। खरखौदा से विधायक जयवीर बाल्मीकि, सोनीपत से विधायक सुरेंद्र पंवार, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया की मौजूदगी में युवाओं ने कांग्रेस पार्टी का हाथ थामा। सभी नेताओं ने पार्टी में शामिल होने वाले युवाओं को कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल कर उनका स्वागत किया। प्रधान विकास कासी, दीपक, आकाश, आकाश दहिया, नित्य, सोनू, शोभित, तुषार गहलावत, जीतू, पंकज, विनय, आशीष चौलका ने कांग्रेस पार्टी का हाथ थामा है।



विधायक जयवीर बाल्मीकि ने कहा कि आज बीजेपी से प्रत्येक वर्ग परेशान है। हर वर्ग बीजेपी की नीतियों से परेशान होकर पार्टी छोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सुशासन में ही ग्रामीण परिवेश का समग्र विकास हुआ है। अब वह दिन दूर नहीं जब कांग्रेस सुशासन में पुनः गांव की प्रत्येक गलियां विकास कार्यों से चमक उठेगी। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली सरकार को पुकार रहा है। आज बेरजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध चरम सीमा पर है। पढ़े लिखे युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही।

# साइंस ऑन व्हील पैदा कर रही है जनमानस में कौतूहल

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के सौजन्य से इंडियन रिसोर्स एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन (इरादा) के तत्वाधान में विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए चलाई जा रही साइंस ऑन व्हील, स्टेम बाइक परियोजना ज्योतिसर, लोहारा, सुरमी, गुड़ा, बारोट से होते हुए आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुर्तजापुर पहुंची। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी तथा संस्था के सचिव राजपाल पांचाल ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनमानस में विज्ञान का प्रचार और



प्रसार करने के साथ-साथ वैज्ञानिक चेतना को विकसित करना है उन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के द्वारा संचालित विज्ञान रेल ,विज्ञान बस, स्टेम बाइक के निर्माण के पीछे मुख्य उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में विद्यार्थियों तक विज्ञान की उपलब्धियों को पहुंचा कर विद्यार्थियों की सोच को वैज्ञानिक आधार प्रदान कर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करना है। वही साइंस ऑन व्हील जन मानस में कोतवाल पैदा कर रही है। कार्यक्रम में संदर्भ व्यक्ति दीपक मुदगिल ने खाद्य तथा पेय पदार्थों में मिलावट की जांच करना सिखाया। उन्होंने चाय पत्ती ,दूध ,पानी ,दालें, मसाले आदि की घरेलू संसाधनों के द्वारा गुणवत्ता की जांच करना सिखाया। यदि बाजार से कोई भी खाने-पीने की वस्तुएं ले रहे हैं तो उसकी गुणवत्ता की जांच करके तथा समाप्ति की तिथि चेक करके ही खरीदें क्योंकि खाने पीने की वस्तुओं का सीधा संबंध हमारे स्वास्थ्य से होता है, हमें कोई भी खाद्य सामग्री खरीदने से पहले उसकी गुणवत्ता अवश्य परखनी चाहिए। चमकदार वस्तुएं जो हमें हमारी आंखों से की नजर आ जाती है उन्हें खाद्य सामग्री के रूप में इस्तेमाल कभी नहीं करना चाहिए।
विषय विशेषज्ञ दीपक मुदगिल ने लैक्टोमीटर के द्वारा दूध की शुद्धता की जांच तथा पीएच मीटर के द्वारा पानी का पीएच मान निकालना विद्यार्थियों को बताया। मध्य प्रदेश ग्वालियर से स्त्रोत्र व्यक्ति जितेंद्र भटनागर ने भौतिक तथा रासायनिक क्रिया पर आधारित गतिविधियों को प्रतिभागियों के समक्ष साझा किया। लखनऊ उत्तर प्रदेश से संदर्भ व्यक्ति केके राय ने कठपुतली के माध्यम से विज्ञान का प्रचार और प्रसार किया तथा कठपुतली नाटिका के माध्यम से सफाई रखने के लिए भी जागरूक किया।


## मोदी का जीवन प्रेरणादायक : प्रमोद विज



**पानीपत/कमाल हुसैन**
सर्व शक्तिमान ईश्वर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी को लंबी आयु तथा उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करे चूंकि प्रधान मंत्री मोदी देश की विश्व गुरु बनाने में अथक परिश्रम कर रहे है। देश को लंबे समय तक उनके मार्गदर्शन की जरूरत है। ये शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने रेड क्रास भवन में लगे रक्तदान शिविर में रक्तदातों का हौंसला बढ़ते हुए कही। डा अर्चना गुप्ता ने कहा की चंद्र यान की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग तथा जी ट्वेंटी का भव्य आयोजन तथा सांझा घोषणा पत्र जारी करा मोदी ने देश की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई प्रदान की है। डा अर्चना ने रक्तदाताओं तथा देश वासियोंको प्रधान मंत्री मोदी के जन्मदिन की बधाई तथा शुभ कामनाएं दी। रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करने पहुंचे विधायक प्रमोद विज ने कहा की मोदी का जीवन हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनसे प्रेरणा प्राप्त कर हमारे में देश सेवा करने की भावना प्रबल होगी। शिविर में 7 3 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।मुख्य रूपसे गजेंद्र सलूजा,सेवा पखवाड़ा संयोजक कुलदीप कौशिक, ज्योति शर्मा ,मेघराज गुप्ता,चांद भाटिया, रविंद्र भाटिया तथा महेन्द्र प्रताप आदि मोजूद रहे।

## आकाश बायजूस की हिसार ब्रांच ने मॉडल टाउन पार्क में रोपे 560 पौधे

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार:** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश बायजूस ने 2023 में अपने उत्कृष्ट परिणामों का जश्न मनाते हुए हिसार में वृक्षारोपण



अभियान चलाया। इस क्रम में संस्थान ने मॉडल टाउन पार्क, हिसार में 560 छात्रों के साथ 560 पेड़ लगाए। गौरतलब है कि हिसार शाखा के 560 छात्रों ने एनईईटी, जेईई (मेन) और जेईई एडवांस 2023 के लिए अर्हता प्राप्त की है।
श्री विशाल एल.डी. सीजेएम सह सचिव जिला कानूनी सहायता सेवा प्राधिकरण और श्री बंसी लाल गोदारा, अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन हिसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, जिनके साथ कंपनी के अन्य अधिकारियों के साथ आकाश के वरिष्ठ शैक्षणिक सदस्य और छात्र भी मौजूद थे। वक्ताओं ने छात्रों को प्रकृति और पर्यावरण के महत्व के बारे में जानकारी दी।

## श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के तत्वावधान में हरिसिंह कालोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के सभागार में आज श्री विश्वकर्मा जयंती महोत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्यअतिथि पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा, नगर निगम के वार्ड-2 के पार्षद पवन गोगलिया विशिष्ठ अतिथि रहे। समारोह की अध्यक्षता प्रधान ईशम पांचाल ने की। वहीं समारोह में अतिथियों का स्वागत श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईसम पांचाल, चेयरमैन विनोद पांचाल, संस्थापक सतपाल पांचाल, रतन पांचाल, सुभाष




बिराल, पूर्व प्रधान भूपेन्द्र पांचाल व बिजेन्द्र पांचाल ने फूल माला व पगड़ी पहनाकर शाल ओढ़ाकर किया। भगवान श्री विश्वकर्मा जी की हवन यज्ञ करके पूजा अर्चना प.भैयाराम शर्मा एवं हेमंत शुक्ला द्वारा कराई गई। जिसमें यज्ञमान के रूप में बिजेन्द्र पांचाल सपत्नी शामिल रहे। हरपाल ढांडा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा उन्नित व समृद्वि के दाता हैं। वह सृष्टि के रचियता हैं। हमें जो रास्ता उन्होंने दिखाया है उस पर चलकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने विश्वकर्मा समाज की मांग पर हरिसिंह कालोनी स्थित विश्वकर्मा पांचाल सामुदायिक केन्द्र के निर्माण को पूरा करवाने की घोषणा की। पार्षद पवन गोगलिया ने कहा कि विश्वकर्मा चौक को बनवाने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाएगी। समारोह के अंत में भण्डारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर तेलूराम पांचाल, धर्मपाल मंडावर, सतपाल बालू, राजकुमार पांचाल माजरी, बिजेन्द्र पांचाल, भूपेन्द्र सिंह पांचाल, जितेन्द्र पटवा, विनोद दल्हेडी, सुभाष बिराल, जयपाल पांचाल, डा.धर्मपाल पांचाल, डा.रफलसिंह कश्यप,प्रदीप ठाकुर, सुरेश चौहान, राजेन्द्र भंडारी, रविन्द्र मंडावर, रामकुमार, रतन पांचाल, नीरज पांचाल, मोहन लाल पत्रकार, व जगरोशन धीमान मौजूद रहे।

# 'नी आसरे दा आसरा' में असहाय-बेसहारा लोगों को करवाया प्रतिभोज

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** बराडा के समीप नी आसरे दा आसरा में असहाय और बेसहारा आदमी, औरतों और बच्चो के प्रतिभोज का आयोजन कर सांसारिक अनुष्ठान किया गया। यह प्रतिभोज कमलेश रानी ने अपने स्वर्गीय सुपुत्र दीपक शर्मा और स्वर्गीय पति चमनलाल रनयाल की याद में दिया। कमलेश रानी ने कहा कि अपने भाग्य से कोई नहीं लड़ सकता। अपने पुत्र और पति का स्वर्गवास होने के बाद वो बिलकुल टूट सी गई थी। यहाँ आकर यह प्रतिभोज करवाना उन दोनो के प्रति मेरी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अनुष्ठान में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के पवन पराशर ने अपने रिश्तेदारों के साथ



मिलकर सभी को अपने हाथो से प्रतिभोज परोस कर आत्मिक-शांति को अनुभूत किया` पराशर ने लोगो से ये अपील कि वो इस प्रकार के सांसारिक अनुष्ठान और जन्मदिवस आदि इन असहाय और बेसहारा आदमी, औरते और बच्चे के साथ मनाये` इस अवसर पर ह्यनी आसरे दा आसराह्व के संचालक जतिंद्र सिंह ने बताया कि उनका पूरा परिवार इस आश्रम में अपनी सेवाएं दे रहा है` इस समय आश्रम में 150 असहाय और बेसहारा आदमी, औरते और बच्चे है जिन में अधिकतर मनोरोग से पीड़ित है` उन्होंने अब तक लगभग 250 लोगो के घरों का पता लगा कर उनके घर वालो को सोंपा है` उन्होंने सब से अपील कि सभी दानी सज्जन बढ़-चढ़ के आश्रम में अपना योगदान दें।

**याद किया**

**8 यह प्रतिभोज कमलेश ने स्वर्गीय दीपक शर्मा और स्वर्गीय पति चमनलाल रनयाल की याद में दिया**

# बच्चों के करियर सिलेक्शन में पैरेंट्स की गाइड बनेगी मानवी बसंल की न्यू लांच बुक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
किसी भी पैरेंट्स के लिए अपने बच्चे का करियर काफी मायने रखता है पर ज्यादातर पैरेंट्स इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लेते है और बच्चों पर बेवजह का दबाव बनाने लगते है। जिसके परिणाम स्वरूप बच्चों का नेचुरल टैलेंट निखर नहीं पाता है और उन्हें वह सफलता नहीं मिल पाती है जिसके वो वाकई हकदार है। पैरेंट्स के लिए ऐसी कई महत्वपूर्ण बातें बताती करियर काउंसलर और ओवरसीज एडमिशन एक्सपर्ट, मानवी बंसल की बुक ह्य7 टैरीबल करिअर सिलेक्शन मिस्टेक पैरेंट्स मेक का लांच 17 सितम्बर, रविवार को गुलमोहर हॉल, इंडिया हैबिटैट सेंटर, नई दिल्ली में किया गया। बुक लॉन्चिंग के अवसर पर एक्टर, पॉलिटिशियन और सिंगर मनोज तिवारी,



एमआईटी-एडीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लिबरल एजुकेशन एंड लॉ के हेड शंकर मुरलीधरन और मशहूर लेखक, क्रिटिक और कॉलमनिस्ट अनीता वर्मा उपस्थित थे। समारोह में वास्तु कला एकेडमी के डीन प्रशांत सी बाजपेयी और वास्तु कला एकेडमी की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर माधुरी बाजपेयी और डॉ सुमन कुमार भी शामिल हुई इस अवसर पर बड़ी संख्या में पैरेंट्स भी मौजूद थे। बुक के बारे में विचार रखते हुए एमआईटी-एडीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लिबरल एजुकेशन एंड लॉ के हेड शंकर मुरलीधरन ने कहा कि ये बुक में आज की जनरेशन के पैरेंट्स और बच्चों दोनों की साइकोलॉजी का एनालिसिस करते हुए एक ऐसी समस्या को हल करने में मदद करने का प्रयास किया गया है।

## संपादकीय

# कावेरी जल विवाद के सुलझने के आसार कम

**कावेरी जल** बंटवारा विवाद के सुप्रीम कोर्ट से भी हल नहीं निकलने के बाद कर्नाटक-तमिलनाडु में रार बढ़ गई है। कर्नाटक ने तल्खी भरे लहजे में पानी देने से साफ इनकार कर दिया है। अब सवाल यह है कि यह मामला आखिरकार कब सुलझेगा। दोनों ही राज्य इसे लेकर 141 साल से आपस में लड़-भिड़ रहे हैं। भविष्य में पानी को लेकर समूचे देश में किस तरह के हालात उत्पन्न होने वाले हैं, यह उसकी भी ताजा तस्वीर है। ये विवाद सभी को गंभीर होकर सोचने पर विवश करता है। पानी का ये झगड़ा हमें चेताता है कि पानी के महत्व को समझ लें। वरना, आने वाले समय में देश के कोने-कोने में पानी को लेकर हालात भयानक होने वाले हैं। दो राज्यों के मध्य कावेरी जल विवाद दशकों से नासूर बना हुआ है। दरअसल, नया विवाद ये है कि 'कावेरी जल विनिमयन समितिह्न ने कर्नाटक सरकार को जब से तमिलनाडु को रोजाना पांच हजार क्यूसेक पानी देने को कहा है, तभी से दोनों राज्यों में तगड़ा विवाद छिड़ा है। दोनों तरफ जमकर राजनीतिक तू-तू, मैं-मैं हो रही हैं। कर्नाटक अपने रुख पर अडिग है। साफ कह दिया है कि हम एक बूंद पानी नहीं छोड़ेंगे। कावेरी जल विवाद वर्षों पुराना है। सभी जानते हैं कि कावेरी एक अंतरराज्यीय नदी है जो कर्नाटक-तमिलनाडु के समीप से बहती है। नदी का एक भाग केरल राज्य से टच करता है। पड़ोसी राज्य पूरी तरह से उसी के जल पर निर्भर है। चाहे खेतों की सिंचाई हो, या व्यक्तिगत इस्तेमाल में प्रयोग करना हो। सभी की पूर्ति इसी नदी के पानी से होती है। ये नदी महासागर में मिलने से पहले कराइकाल से होकर गुजरती है जो पांडिचेरी का हिस्सा है, इसलिए इस नदी के जल बंटवारे को लेकर हमेशा विवाद रहता है। बीते कुछ दशकों से नदी का पानी भी कम हुआ है। कम होने का सिलसिला लगातार जारी भी है। बहरहाल, पानी का विवाद तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच है, क्योंकि दोनों राज्यों की सीमाएं आपस में मिलती हैं। सूखे के कारण तमिलनाडु पानी की कमी से जूझ रहा है। तभी उन्होंने इस बाबत कावेरी जल विनिमयन समिति से सिफारिश की, कि पड़ोसी राज्य कर्नाटक उन्हें प्रतिदिन की जरूरत के हिसाब से 24 क्यूसेक पानी दे। उनकी अर्जी सुनने के बाद कावेरी जल विनियमन समिति ने कर्नाटक सरकार को आदेशित किया कि पानी मुहैया कराएं। लेकिन कर्नाटक की सरकार ने पानी देने से साफ इनकार कर दिया। इस इनकार का तर्क देते हुए सरकार ने कहा कि उसके पास खुद पर्याप्त पानी नहीं है। उनका प्रदेश भी कम बारिश के चलते सूखे की मार झेल रहा है। इसके बाद दोनों राज्यों में रार और बढ़ गई। कर्नाटक ने इस मसले को लेकर दिल्ली में अपने शीर्ष नेताओं को अवगत करवा हस्तक्षेप की मांग की है। कर्नाटक सरकार की एक टीम दिल्ली पहुंची हुई है। जो अपने नेताओं और कानूनी विशेषज्ञों से रायशुमारी कर रही है। कावेरी जल विवाद आजादी से पहले का है। चाहे केंद्र सरकारें रही हों, या राज्य की सरकारें, किसी ने इसका स्थायी समाधान तलाशने की कोशिश नहीं की। सन्‌ 1924 में अंग्रेजों के शासनकाल के दौरान मद्रास प्रेसिडेंसी और मैसूर राज के बीच समझौता हुआ था। तब, इस समझौते में केरल और पुडुचेरी भी शामिल थे। आजादी के करीब दो-तीन दशकों तक तो सब ठीक रहा, लेकिन जैसे-जैसे पर्यावरण में बदलाव हुआ। बारिश कम होने लगी और पानी की मांग बढ़ती गई। उसके साथ ही ये विवाद भी गहराता गया।

# सरहद पर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक का समय



प्रेम शर्मा

> "निस्संदेह, हाल के दिनों में घाटी में आतंकी घटनाओं में कमी आई है, लेकिन अभी भी आतंकी नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने की जरूरत है। कुछ समय पहले कुलगाम में हुई एक मुठभेड़ के दौरान भी सेना के तीन जवान शहीद हुए थे। दरअसल, इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बाद ही काउंटर अभियान प्रारंभ किया गया था। इससे पहले मई में राजौरी में सैनिकों पर व पुंछ में सेना के ट्रक पर भी हमला हुआ था। यद्यपि पहले के मुकाबले में आतंकी हमलों की वारदात कम हुई हैं, लेकिन ये घटनाएं बताती हैं कि सेना के अभियान में अधिक सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। यह भी तार्किक है कि पहले की तरह आतंकवादी अपने अभियानों को आसानी से अंजाम देने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर हमें सीमा पार से संचालित आंतक के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने की जरूरत है"

सरहद पर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक का समय
प्रेम शर्मा

विश्व पटल पर यह बॉत साबित हो चुकी है कि पाकिस्तान भले ही दाने दाने को मोहताज हो गया हो लेकिन सरहद पर वह अपने आतंकी ताण्डव से बाज नही आ रहा है। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकवादियों मुठभेड़ में कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष और डीएसपी हुमायूं भट की वीरगति बताती है कि आतंकवादियों से मुकाबले के दौरान जहां खुफिया तंत्र को दुरस्त करने की जरूरत है, वहीं रणनीति को अधिक धारदार व पुख्ता बने। दोनों ही सेना के अधिकारी आतंकवाद विरोधी इकाई का नेतृत्व करने वाले अनुभवी व सेना पदक का सम्मान पाने वाले थे। जाहिर है कि यह आप्रेशन खुफिया सूचनाओं पर आधारित था, लेकिन कहीं न कहीं रणनीति के क्रियान्वयन में चूक हुई है। पहले सूचना दी गई थी कि आतंकियों ने जंगल में अपना ठिकाना बना रखा है, लेकिन उन्होंने पहले ही घात लगाकर सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को निशाना बना लिया। इसी चूक के चलते ही हमारे सैन्य अधिकारी व जवान आतंकवादियों के जाल में फंस गये। निस्संदेह, भविष्य में आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं यानी एसओपी के क्रियान्वयन में अधिक सतर्कता की जरूरत होगी। इस घटना से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पटरी पर लाने की कोशिशों को झटका लगेगा। हाल ही में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि वह जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के लिये तैयार है। फिर भी इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के बावजूद पहले से बहुत विलंबित चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने से नहीं रोका जाना चाहिए। केन्द्र सरकार को एक बार ऐसा अभियान चलाना होगा जिसके चलते सरहद के अन्दर मौजूद आतंकियों के समर्थक एवं घुसपैठ कर रहे और कर चुके आतंकियों की एक साथ धरपकड़ कर उन्हें अंजाम तक पहुचाया जाए। वक्त आ गया है कि भारत इस पर फिर से विचार करे कि सीमा पार आतंकियों के जो अड्डे चल रहे हैं, उन्हें कैसे नष्ट किया जाए? यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि सर्जिकल स्ट्राइक और फिर एयर स्ट्राइक के बाद भी पाकिस्तान सही सबक नहीं सीख सका है। वह केवल आतंकियों को प्रशिक्षित ही नहीं कर रहा, बल्कि जो आतंकी कश्मीर में सक्रिय हैं, उन्हें ड्रोन से हथियार भी उपलब्ध करा रहा है। इसके अलावा वह दुष्प्रचार का सहारा लेकर कश्मीरी युवाओं को आतंक की राह पर चलने के लिए उकसाने का भी काम कर रहा है।पाकिस्तान कश्मीर को अशांत करने में इसीलिए फिर से जुट गया है, क्योंकि वह फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर आ गया है। भारत को विश्व समुदाय को इसके लिए फिर से सहमत करना होगा कि पाकिस्तान को नए सिरे से इस अंतरराष्ट्रीय संस्था की निगरानी में लाया जाए। यह शुभ संकेत नहीं कि जम्मू-कश्मीर में इधर स्थानीय और पाकिस्तान से आए आतंकियों की गतिविधियां बढ़ती हुई दिख रही हैं। उड़ी के पहले राजौरी में दो आतंकी मारे गए थे। इसके अलावा अनंतनाग के जंगलों में चार दिन से मुठभेड़ चल रही है। इस मुठभेड़ में सेना के कर्नल और मेजर समेत जम्मू-कश्मीर के डीएसपी वीरगति को प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त एक सैनिक भी बलिदान हुआ।राजौरी में भी आतंकियों से मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को क्षति उठानी पड़ी थी। आतंक विरोधी अभियानों को और अधिक सतर्कता से संचालित करने की आवश्यकता है, ताकि हमारे जवानों को क्षति न उठानी पड़े। सावधानी बरतने की आवश्यकता इसलिए भी बढ़ गई है, क्योंकि आतंकी अपने तौर-तरीके बदल रहे हैं और छिपने के नए ठिकाने भी बना रहे हैं। अनंतनाग के जंगलों में जारी मुठभेड़ यही बता रही कि वहां छिपे आतंकी कितनी तैयारी से आए थे। सीमा पर चौकसी बढ़ाने के साथ इस पर भी ध्यान देना होगा कि कश्मीर में आतंकियों के जो समर्थक हैं, उन पर शिकंजा और कैसे कसा जाए? आतंकी अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में इसीलिए सफल हैं, क्योंकि उनके समर्थक उन्हें संरक्षण-सहयोग देते हैं।

बहरहाल, सेना व पुलिस के अधिकारियों की वीरगति हमें सबक देती है कि अब खुफिया तंत्र की खामियों को दूर करने और आप्रेशनों की मानक संचालन प्रक्रिया को मजबूत बनाने की जरूरत है। जिससे सेना के अधिकारी व पुलिसकर्मी पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों का बेहतर ढंग से मुकाबला कर सकें।

निस्संदेह, हाल के दिनों में घाटी में आतंकी घटनाओं में कमी आई है, लेकिन अभी भी आतंकी नेटवर्क को पूरी तरह धवस्त करने की जरूरत है। कुछ समय पहले कुलगाम में हुई एक मुठभेड़ के दौरान भी सेना के तीन जवान शहीद हुए थे। दरअसल, इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बाद ही काउंटर अभियान प्रारंभ किया गया था। इससे पहले मई में राजौरी में सैनिकों पर व पुंछ में सेना के ट्रक पर भी हमला हुआ था। यद्यपि पहले के मुकाबले में आतंकी हमलों की वारदात कम हुई हैं, लेकिन ये घटनाएं बताती हैं कि सेना के अभियान में अधिक सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। यह भी तार्किक है कि पहले की तरह आतंकवादी अपने अभियानों को आसानी से अंजाम देने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर हमें सीमा पार से संचालित आंतक के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने की जरूरत है। वैसे यह भी हकीकत है कि अब सीमा पार से आने वाले आतंकियों को स्थानीय आबादी का पहले जैसा सहयोग सहजता से नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते आतंकवादी जंगलों में ठिकाना बना रहे हैं, जिसका मुकाबला करने में सेना को चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिये प्रमाणिक खुफिया सूचनाएं जुटाने और सेना व पुलिस में बेहतर तालमेल बनाये जाने की जरूरत है। तभी पाक प्रायोजित आतंकवाद पर नकेल कसी जा सकेगी। साथ ही आतंकवादियों से मुठभेड़ में अपने जवानों को बचाने के लिये आधुनिक तकनीक व ड्रोन आदि का प्रयोग करना भी जरूरी हो गया है। तभी घाटी में आतंकवाद अंतिम सांसे लेता नजर आएगा। जिससे केंद्रशासित प्रदेश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को गति मिल सकेगी। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कश्मीर घाटी में आतंकियों के समर्थक अभी भी मौजूद हैं। इनमें से कुछ तो सरकारी विभागों में भी कार्यरत थे। यह अच्छा हुआ कि उनकी पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की गई क्योंकि वे आतंकियों के लिए जासूसी करते थे। ध्यान रहे कि कई कश्मीरी हिंदू आतंकियों का निशाना इसीलिए बने क्योंकि उनके बारे में ऐसे ही लोगों ने उन्हें सूचना दी। कश्मीर में बचे-खुचे आतंकी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए इस तरह की कार्रवाई आवश्यक है। इसी तरह की कार्रवाई उन तत्वों के खिलाफ भी की जानी चाहिए, जो परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों की पैरवी करते हैं या फिर उन्हें गुपचुप रूप से समर्थन अथवा संरक्षण देते हैं।



## कविता

### अनुरोध

संसार का दूसरा नाम है समस्या
और ईश्वर का दूजा नाम है समाधान,
दूसरों के लिए परमात्मा से गर
इक बार अनुरोध करके देखें तो
खुद के लिए किसी इंसान के समक्ष,
झूठे अनुरोध की आवश्यकता ना रहेगी ।
हालचाल पूछने से कोई स्वस्थ नहीं हो जाता,
पर दुनिया है मतलब के झूठे अनुरोध में व्यस्त,
और अपनो से लापरवाह खुद के रिश्तों के लिए,
ताउम्र वक़्त ना निकाल पाने से जाती है चूक।
रूप या गुरूर इंसान को महान नहीं बताते,
महान बनने के लिए दिमाग रखना होता है काबू
दुनिया मे वफा से निभाएं गए रिश्तो से ही
जीवन गौरवमय और खुशहाल बनता है
मतलब के अनुरोध से बने रिश्ते टिकाऊ नहीं होते ।

मुनीष भाटिया

## चुनावों से पहले राजनीतिक यात्राओं का क्या है मकसद?

**किसी** बड़े चुनाव से ठीक पहले अगर राजनीतिक दलों को चुनावी यात्राओं की याद आती है, तो इसमें कुछ भी अस्वाभाविक नहीं है। पार्टियों को लगता है कि बड़े पैमाने पर यात्राएं करने से लोगों में जागरुकता फैलेगी, लोग उनके साथ जुड़ेंगे और चुनाव में इन सबका फायदा मिलेगा। इन यात्राओं से पार्टियों को मतदाताओं के मन-मिजाज को टटोलने में मदद तो मिलती ही है। साथी ही 'करंट' किसके पक्ष में है, इसका भी मोटे तौर पर अनुमान लगाया जा सकता है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि ऐसी यात्राओं से हमारे राजनेता लोगों की बुनियादी समस्याओं और जमीनी मुद्दों को ठीक से पहचान पाते हैं। अब कुछ ऐसी यात्राओं के बारे में संक्षेप में जान लीजिए, जो इस वक्त चर्चा में हैं। हालांकि चुनाव नजदीक आते-आते ऐसी यात्राओं की तादाद और बढ़ने वाली है। वैसे तो मध्य प्रदेश में पिछले विधानसभा चुनावों में भी 'जन आशीर्वाद' यात्राएं निकाली जाती रही हैं। लेकिन इस बार की यात्रा कुछ अलग हटकर है। इसके तहत कई यात्राएं होनी हैं। भाजपा ने प्रदेश में 10,643 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पांच 'जन आशीर्वाद' यात्राओं की योजना बनाई है। इन यात्राओं के जरिए प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से कम से कम 211 सीटें कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इनकी शुरूआत 3 सितंबर को चित्रकूट से हो चुकी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसकी शुरूआत की है। गौर करने वाली बात यह है कि पार्टी ने इन यात्राओं में शिवराज सिंह चौहान का चेहरा आगे नहीं रखा है। जाहिर है कि इस बार पार्टी कई कारणों से एक-एक कदम फूंक-फूंककर रखना चाहती है। इन यात्राओं का समापन होगा 25 सितंबर को, जिस दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। राजस्थान में जीत के लिए जोर लगाने की खातिर भाजपा 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' निकाल रही है। इसके तहत प्रदेश में भाजपा चार 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' निकाल रही है। चारों दिशाओं से इन चार यात्राओं के जरिए राजस्थान के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इन यात्राओं के दौरान आदिवासी, दलित, किसान, युवा और महिलाओं के लिए खास तौर पर चौपाल का आयोजन होगा। पार्टी की पूरी कोशिश होगी कि यात्राओं के जरिए लोगों को अपनी ओर खींचे और विधानसभा चुनाव में वापसी करे। बीते सप्ताह जेपी नड्डा राजस्थान के सवाई माधोपुर से 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' को हरी झंडी दिखा चुके हैं। यात्राओं के दौरान छोटी-बड़ी कई रैलियों का आयोजन होना है। भाजपा की छत्तीसगढ़ में हो रही परिवर्तन यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह यात्रा छत्तीसगढ़ में चुनाव के परिप्रेक्ष्य में 20 साल बाद निकल रही है। भारतीय जनता पार्टी इसके लिए बहुत दिनों से तैयारी कर रही थी, इस यात्रा के लिए ही रायपुर से एक हाइड्रोलिक लिफ्ट वाली हाईटेक बस भी दंतेवाड़ा भेजी गई थी।

## विचार

# घोर संक्रमणकाल से गुजरता भारतीय मीडिया

**तनवीर जाफरी**

**विपक्षी गठबंधन "इंडिया "** ने आखिरकार सत्ता के साम्प्रदायिक एजेंडे को हर समय अपने चैनल्स पर चलाने वाले उन 14 टीवी एंकरों की एक सूची जारी कर ही डाली। अब इनके विद्वेषपूर्ण कार्यक्रमों में इण्डिया का कोई नुमाइंदा शामिल नहीं होगा। कई चैनल्स का बहिष्कार करने की बात भी कहीं गयी है। देश में यह पहली बार हुआ है जबकि 28 दलों के विपक्षी गठबंधन ने पत्रकारिता की आड़ में देश में साम्प्रदायिकता फैलाने वालों से तंग आ कर इतने राजनैतिक दलों ने एक साथ अनेक चैनल्स व ऐंकर्स के साम्प्रदायिकता फैलाने के उनके रवैय्ये के प्रति अपनी नाराजगी जताते हुये टी वी एंकर्स व चैनल्स के बहिष्कार की घोषणा की है। गठबंधन की तरफ से साफ शब्दों में यह कहा गया है कि उसने नफरत भरे न्यूज डिबेट चलाने वाले इन टीवी ऐंकर्स के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का फैसला किया है। क्छउक्क्अ गठबंधन का आरोप है कि पिछल नौ साल से रोज शाम पाँच बचे कई चैनल्स पर नफरत का बाजार सज जाता है।और हम सब वहां उस नफरत के बाजार में ग्राहक के तौर पर जाते हैं. परन्तु नफरत भरे नैरेटिव को मंजूरी नहीं दी जा सकती। क्योंकि यह नैरेटिव देश व समाज को कमजोर कर रहा है।

जिन 14 कथित पत्रकारों की सूची जारी की गयी है उनमें दो पत्रकार तो ऐसे भी हैं जो गंभीर अपराधों के आरोप में जेल भी जा चुके हैं। हालांकि क्छउक्क्अ गठबंधन ने अभी केवल 14 टीवी ऐंकर्स की सूची ही जारी की है परन्तु दरअसल सत्ता की दलाली करने वाले चाटुकार ऐंकर्स व सम्पादकों की संख्या इससे ज्यादा है। यह चाटुकार पत्रकार झूठी खबरें फैला कर,निराधार विमर्श गढ़कर केवल देश का साम्प्रदायिक सौहार्द्र ही नहीं बिगाड़ रहे बल्कि यह पत्रकारिता जैसे जिम्मेदाराना व नैतिकतपूर्ण पेशे को भी कलंकित कर रहे हैं। इनमें तिहाड़ी के नाम से प्रसिद्ध हो चुका एक पत्रकार पिछले ही दिनों केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा एक लाईव शो में सिर्फ इसलिये जलील किया गया क्योंकि उसने दस वर्षों में शायद पहली बार मंत्री महोदया से टमाटर की बढ़ती कीमतों के बारे में एक मामूली सा सवाल कर लिया था। मंत्री महोदया ने उसे उसकी तिहाड़ यात्रा याद दिला दी। गोया दस साल तक चरणों में पड़े रहने व दलाली करने का भी यही सिला मिला तिहाड़ी को ? बहरहाल,यह वही ऐंकर्स व मीडिया है जो गत दस वर्षों से देश में ढूंढ ढूंढ कर ऐसे विषय छेड़ता है या उकसाता है जिससे देश का सामाजिक सौहार्द्र बिगड़े। याद कीजिये कोरोना काल में दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित मरकज में मिले जमाअत के लोगों को इन्होंने कोरोना जिहाद फैलाने वालों के नाम से प्रचारित किया था। मुंबई में कोरोना के समय जब भीड़ रेलवे स्टेशन पर इकठ्ठा हुई तो इन्हीं में से एक ऐंकर की नजर उस वीजुअल पर पड़ी जिसमें भीड़ के पीछे एक मस्जिद नजर आई। बस ,फिर क्या था। ऐंकर गला फाड़ कर चीखने लगा कि इस भीड़ का मस्जिद से क्या कनेक्शन है ? अभी गत 2 जून को उड़ीसा में बालासोर जिले में बहनगा बाजार रेलवे स्टेशन के निकट तीन ट्रेन्स एक साथ हादसे का शिकार हो गई। वहां भी इन्हीं दलाल व नफरतबाज टी वी ऐंकर्स ने बोलना शुरू किया कि दुर्घटनास्थल के पास एक मस्जिद है। परन्तु बाद में पता चला की वह मस्जिद नहीं बल्कि मंदिर था। इसी तरह अभी कर्नाटक में तिहाड़ी ने साम्प्रदायिक नफरत के एजेंडे से लबरेज एक भ्रामक खबर चला दी। परन्तु इसबार उसे अपना यह साम्प्रदायिक पूर्वाग्रह भारी पड़ा। उसके विरुद्ध कर्नाटक में प्राथमिकी दर्ज हो गयी है।

मामला इस समय कर्नाटक उच्च न्यायलय पहुँच चूका है। उसे जल्द ही गिरफ़्तार भी किया जा सकता है। न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन (एनबीडीए) जिसमें अधिकांश गोदी मीडिया से जुड़े संपादक स्तर के लोग ही शामिल हैं,कुछ टी वी न्यूज ऐंकर्स तथा भारतीय जनता पार्टी ने 14 टी वी ऐंकर्स के बहिष्कार के इंडिया गठबंधन के फैसले की आलोचना की है। एनबीडीए के अध्यक्ष अविनाश पांडेय ने तो इस फैसले को मीडिया का गला घोंटने जैसा बताया है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# राजनीति के बादशाह, देश के लाडले नरेंद्र मोदी

**घनश्याम**

**रविवार** को देश के प्रधानमंत्री ने अपना जन्मदिन मनाया, जिसके बारे में विदेशों तक में यह धारणा है कि वह उन्होंने भारत को एक लुंज-पुंज देश से मजबूत एवं आगे बढ़कर नेतृत्व करने वाले देश में तब्दील कर दिया है। जबकि उनके विपक्षी उन्हें एक 'बयानवीर' प्रधानमंत्री का दर्जा देते रहे हैं। बेशक नरेंद्र मोदी के राजनीतिक लक्ष्य अपने दल के अनुरूप हो सकते हैं, अपना वोट बैंक खड़ा करने एवं बचाने के लिए वह किसी भी तरह का राजनीतिक कदम उठा सकते हैं और विपक्ष को घेरने के लिए ऐसा जाल बुन सकते हैं जिसमें फंस कर कसमसाने के अलावा उसके सामने दूसरा चारा नहीं होता । उन पर सी बी आई और ई डी सरकारी एजेंसियों को विपक्ष के खिलाफ इस्तेमाल करने का भी जबरदस्त आरोप विपक्ष लगाता रहा है । अब किस बात में कितनी सच्चाई है यह तो कसौटी पर कसने की बात है लेकिन एक बात सच है कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जब देश के सम्मान एवं गौरव की बात आती है तब नरेंद्र मोदी किसी भी हद तक जाकर फैसला करने से नहीं हटते। जहां उन्हें देश में लोकप्रियता हासिल करने के सारे गुरु मालूम है वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोकप्रियता पाने में वह अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों से कहीं आगे हैं और इसका प्रमाण यह है कि वह चाहे यूरोप जाएं या अमेरिका, रूस जाएं या लैटिन अमेरिकी देशों की यात्रा करें दक्षिण अफ्रीका जाएं या एशियाई देशों के दौरे करें हर जगह वे एक माहौल बनाने में कामयाब रहे हैं ।उनकी ऐसी ही कामयाबियों की वजह से ग्लोबल लीडर्स की लेटेस्ट अप्रूवल रेटिंग लिस्ट में टॉप पर बने हुए हैं। इस बार उन्हें 76% अप्रूवल रेटिंग मिली है। मोदी के बाद लिस्ट में स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति एलेन बर्सेट 64% अप्रूवल रेटिंग के साथ दूसरे और मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ।

ओब्रेडोर तीसरे स्थान पर हैं। डिसिजन इंटेलीजेंस कंपनी मॉर्निंग कंसल्ट ने यह लिस्ट जारी की है। इससे पहले जून 2023 में ग्लोबल लीडर्स की अप्रूवल रेटिंग लिस्ट जारी हुई थी। उसमें भी पीएम मोदी टॉप पर थे, लेकिन पिछली लिस्ट की तुलना में उनकी रेटिंग 2% कम हुई है। पिछली बार उन्हें 78% अप्रूवल रेटिंग मिली थी।

## जन्मदिन की नौटंकी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**इधर** मोबाइल पर खिखियाती हुई सुरभि ड्रामा कंपनी की अध्यक्षा तोपना देवी लगी हुई थी। उधर बहुत जल्द जन्मदिन मनाने वाली झुनझुना साहित्य समूह की अध्यक्षा वयोवृद्धा तिलमिला देवी चने के झाड़ पर चढ़ने के लिए आतुर दिखाई दे रही थी। दोनों के बीच जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले साहित्य के नाम पर असाहित्यिक बतकही की झड़ी लगी हुई थी। तोपना देवी कहने लगीं झ्र ह्लतिलमिला देवी जी! आप हमारी माँ जैसी हैं। माँ जैसी क्या सच में माँ हैं। किंतु आपके जन्मदिन वाले कार्ड में मेरा नाम नीचे डाल दिया है। मुझसे कहीं भूल-चूक हो गई क्या? यदि ऐसा कुछ है तो मैं भूल सुधारने के लिए किसी भी तरह की कीमत चुका सकती हूँ। तोपना! तुम मेरी बेटी जैसी हो। यहाँ भूल-चूक का सवाल नहीं है। याद करो पिछली बार तुमने क्या किया था। तुम्हें अपनी दो कौड़ी की राष्ट्रीय गोष्ठी वाले कार्यक्रम में उस बुढ़ऊ लारटपकाऊ देव को बुलाना याद रहा और मुझे भूल गई। वह भी ऐसे बुढ़ऊ के लिए भूल गई जो हर दूसरी औरत को देखकर लार टपकाना नहीं भूलता। वह तो शुक्र मनाओ कि मैंने तुम्हारा नाम हटाया नहीं है। मैं तुम्हारी तरह नहीं हूँ। मेरे जन्मदिन के अवसर पर शॉल, फूलमाला और पानी की बोतलें देने वालों की झड़ी लगी हुई थी, बावजूद इसके यह सौभाग्य मैंने तुम्हें दिया। अब भी लगता है कि मैं तुम पर नाराज हूँ। क्षमा चाहती हूँ तिलमिला जी! लेकिन आप जानती हैं कि हमारी संस्था साहित्य के प्रति समर्पित भावना से काम करती है। हम आए दिन लारटपकाऊ देव के जरिए चंदा लुटाने वाली संस्था से जुड़ते हैं। संस्थाओं के मालिक साहित्य के नाम पर अनाड़ी और बालाओं को निहारने में खिलाड़ी होते हैं। वे गोष्ठियों में बालाओं की सुंदरता का सौंदर्यपान करने जैसे महत्त्वपूर्ण साहित्यिक गतिविधि के लिए चंदा देते रहते हैं। अब आप ही बताएँ कि उनके स्थान पर आपको कैसे बुलाती? हमारी संस्था साहित्य के प्रति अत्यंत गंभीर है। हम सगे संबंधियों और साहित्यिक चोरों को प्राथमिकता नहीं देते, बल्कि साहित्य के लिए हरी पत्ती लुटाने वालों का स्वागत करते हैं। खबरदार तोपना! तुम्हारी बातों से ईर्ष्या की बू आ रही है। तुम सगे संबंधियों के नाम पर मेरी बहू पुख्ता देवी पर अंगुली उठा रही हो।

## न्यूज फ्लैश

### युवक को पडोसी की लापता पत्नी को घर छोडना पड़ा महंगा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** गांव बलड़ी में तीन-चार दिन से फरार चल रही महिला को घर छोडना युवक को महंगा पड़ गया। युवक पर भागने का शक जाहिर करते हुए पडोसियों ने चाकू से हमला बोल दिया। घायल युवक को मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया गया है। पुलिस ने 7 आरोपियों को नामजद करते हुए हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बलडी निवासी सुलिंद्र कुमार ने बताया कि वह शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता है। अल्फा सिटी करनाल में माली की नौकरी करता है। उसकी पडोसी खुशबू पत्नी विक्रम पिछले घर से तीन-चार दिन लापता रही। 12 सितंबर को खुशबू उसे अल्फा सिटी करनाल में मिली, जो कि रिश्ते में भतीजे लगने वाले विक्रम की पत्नी है। उसने खुशबू से पूछा था कि यहां क्यों खड़ी है, चल घर चलो। खुशबू ने उसे बताया था कि घर वाले उसके साथ मारपीट करेंगे। वह खुशबू को समझा बाइक पर बैठा घर छोड़ आया। पीड़ित सुलिंद्र कुमार ने बताया कि खुशबू का पति विक्रम और उसके परिजन उस पर भागने के आरोप लगाने लगे। आरोपियों ने शक जताया था कि मैं ही खुशबू को घर से भगा कर ले गया हूं। मामला सुलझाने के लिए 15 सितंबर की शाम को वाल्मीकि चौपाल में दोनों पक्षों की पंचायत हुई। पंचायत के दौरान खुशबू का पति विक्रम, अनीष और प्रदीप एकदम तैश में आ गए और उसके ऊपर हमला बोल दिया। पीड़ित के मुताबिक अनीष ने चाकू से सिर और बांए हाथ पर चाकू से हमला कर दिया। विक्रम ने गला पकड़ बाइक पर गिरा लिया और मारपीट की।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'वैश्य संकल्प रैली में बढ़-चढकर भाग लें'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
15 सितम्बर को पंचकुला से शुरू हुई वैश्य चेतना मोटरसाइकिल चेतना यात्रा को इंद्री मोड़ से दोपहिया वाहनों के लम्बे काफिले के साथ महाराजा अग्रसेन चौक तक लाया गया। तत्पश्चात अग्रसेन चौक पर यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। मेयर रेणुबाला गुप्ता, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष सुशील गुप्ता एवम् नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष कृष्ण गर्ग के नेतृत्व में सैकड़ों बंधुओ ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद शहर में दर्जन भर स्थानों पर पुष्प वर्षा के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

करनाल से पूर्व बीडी ओवरसीज सहित नीलोखेड़ी में भी उपरोक्तनुसार ही चेयरमैन वीरेंद्र बंसल, प्रवीण गुप्ता, विनोद गोयल, संजय गोयल, कृष्ण गोयल, बृजमोहन गर्ग, वीरेंद्र बंसल, राजीव गुप्ता, पियूष बंसल, मोंटू बंसल, विमल गुप्ता, पवन गर्ग, हर्षित गर्ग, सुशील गुप्ता अमित बंसल, हिमांशु बंसल, प्रिंस बंसल, सतीश गुप्ता, अमित गोयल, अनिल गुप्ता, राकेश गुप्ता ने चेतना यात्रा का



जोरदार स्वागत किया गया। इसी तरह घरौंडा टोल टैक्स पर सैकडों युवक अपने वाहनों के साथ स्वागत के लिए तैयार खड़े थे और यात्रा घरोंडा के विभिन्न बाजारों से होती हुई रेलवे रोड स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पहुँची, जहाँ नगरपालिका के चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता ने वैश्य समाज के बंधुओं के साथ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और वैश्य संकल्प रैली में बढ़ चढकर भाग लेने का आह्वान किया। 11 दिवसीय वैश्य चेतना यात्रा प्रदेश प्रदेश के सभी सभी शहरों में समाज के बंधुओ में राजनैतिक, सामाजिक एवम् महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतो का प्रसार करने का काम करेगी।

युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष मुनीश गोयल, युवा महामंत्री राहुल गर्ग, लक्की सिंगला व ललित महाजन के नेतृत्व में चल रही मोटर साइकिल यात्रा का समापन 25 सितम्बर को सिरसा में होगा। यात्रा में महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री प्रवीण बंसल सहित कृष्ण मित्तल, सन्नी गुप्ता, मोहित गोयल, कीर्ति गर्ग, सतीश बिंदल, संदीप गर्ग, अंकुर गोयल, दीपक अग्रवाल, हरीश गुप्ता, रमेश मित्तल, मोहित गुप्ता लगातार यात्रा में साथ-साथ चल रहे हैं। चेतना यात्रा में विशेष मार्गदर्शन दे रहे व लगातार साथ चल रहे मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार रहे एवम् महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्य समाज राजनैतिक रूप से पिछड़ता जा रहा है और आगामी चुनावों में वैश्य समाज बढ़-चढकर भाग लेंगे।
1 अक्टूबर को जींद में आयोजित होने वाली वैश्य संकल्प रैली में बढ़ चढकर भाग लेने की अपील करते हुए राजीव जैन ने कहा कि जब तक लोकसभा राज्यसभा में कम से कम एक सदस्य व विधानसभा में 15 विधायक चुनकर नही जायेंगे तब तक हमें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए यूंही गिड़गिड़ाना पड़ेगा।
आयोजन पहली बार महासम्मेलन के अलावा अग्रोहा विकास ट्रस्ट व अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन संयुक्त रूप से कर रहे हैं। यात्रा में महाराजा अग्रसेन के 18 गोत्रों पर आधारित 18 मोटर साइकिल पर पीली टी-शर्ट पहने वैश्य युवाओं का जत्था और एक रुपया एक ईंट का संदेश देने वाली झांकी महाराजा अग्रसेन के संदेश को प्रसारित कर रही थी।

## पति ने चाकू घोंपकर की पत्नी की हत्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** करनाल के आरके पुरम क्षेत्र में एक नशेड़ी पति ने अपनी ही पत्नी को चाकू से वार करके मौत के घाट उतार दिया। पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा रहता था, क्योंकि हत्या आरोपी अपनी 15 साल की बेटी पर ही गलत नजर रखता था। यही नहीं, कई बार गलत हरकत भी कर चुका है। पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अगली कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं आरोपी पति को गिरफ्तार करके पूछताछ कर रही है।



आरके पुरम करनाल निवासी पडोसी कविता ने बताया कि उनसे ऊपर यूपी के मोतीपुर (आजमगढ़) निवासी बालेश्वर बच्चों समेत किराए पर रहता था। बालेश्वर के पास 15 साल की बेटी, 8 साल का बड़ा बेटा सुमित और 6 साल का छोटा बेटा लक्की है। महिला ने आरोप लगाए कि बालेश्वर की तारा दूसरी पत्नी थी। बालेश्वर अपनी बेटी पर गलत नजर रखता था। यही नहीं कई बार गलत हरकत भी की।

## मोदी के जन्मदिन पर किया योग ध्यान शिविर का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर आज हरियाणा योग आयोग तथा आयुष विभाग करनाल के संयुक्त तत्वाधान में जिला की सभी 37 योग व्यायाम शालाओं में एक दिवसीय योग ध्यान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 2100 से अधिक योग साधकों ने भाग लिया।
आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉक्टर अमित पुंज ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को पहुंचाने के लिए बहुत ही अथक प्रयास किए गए हैं। आज उन्हीं की



दूरदर्शिता तथा परिश्रम द्वारा योग अंतर्राष्ट्रीय पटल पर पहुंचा है तथा हरियाणा में योग व्यायाम शालाओं में योग सहायकों की नियुक्ति से योग अब घर-घर पहुंच रहा है।
उन्होंने बताया कि जिला करनाल में आयुष विभाग के अंतर्गत कार्यरत सभी 37 योग सहायकों द्वारा रोग अनुसार पथ्य अपथ्य, विरुद्ध आहार, पोषण आहार, रितु चर्या, दिनचर्या, आहार चर्या, बिहार चर्या, रात्रि चर्या, योगाभ्यास इत्यादि की जानकारी दी जा रही है। डा. अमित पुंज ने बताया कि आज जिला करनाल के सभी ब्लॉकों तथा गांव में 37 जगह प्रातः तथा शाम को एकदिवसीय योग ध्यान शिविर में अंतर्गत प्रतिभागियों को योगाभ्यास तथा ध्यान की सरल विधि का अभ्यास करवाया गया, जिससे कि वह बीमारियों से दूर रह सकें। सभी कार्यक्रमों में गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें सरपंच, पूर्व सरपंच, प्रिंसिपल, ब्लॉक समिति के अध्यक्ष, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर, सभी गांव वासियों ने बढ़-चढकर भाग लिया।

## गांव मैनमती में नगर खेड़े पर हुआ हवन-यज्ञ का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** आज गांव मैनमती में नगर खेड़े पर हवन-यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। हवन-यज्ञ में सभी ग्राम वासियों ने शिरकत की और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। गांव में नगर खेड़े पर आज सुबह से ही ग्राम वासियों का तांता लगा रहा और लोगों ने नगर खेड़े की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात नगर खेडे पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ग्रामवासियों ने आहुति डाली और सभी की सुख-समृद्धि की कामना की। हवन-यज्ञ के पश्चात गांव के नंबरदार गोपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में कच्चे दूध की धार से गांव की परिक्रमा की गई और नगर खेड़े को दूध से नहलाया गया। इसके पश्चात गांव में भंडारे का आयोजन किया



गया, जिसमें गांव वासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गांव के सरपंच रवि कुमार, पूर्व सरपंच जगदीश चौहान, अंकुर कांबोज, सतीश कांबोज, नगर खेड़ा समिति के पदाधिकारी नंबरदार गोपाल सिंह चौहान, सतीश राणा, लोकेश चौहान, महिंद्र कांबोज, विजय कांबोज, प्रिंस कांबोज, महिन्द्र राठौर, आत्मा राम, भरतू राम, ईश्वर सिंह, अर्जुन पंडित, गांव के गणमान्य व्यक्ति मेघ सिंह, वेदपाल चौहान, ओमपाल, चौहान, तरसेम चौहान, श्याम लाल कांबोज, फौजी कलीराम, दिनेश कांबोज, प्रेम सिंह कांबोज, बिट्टू कांबोज, चंद्रपाल कांबोज, बीर सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता: योगेंद्र राणा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 73वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नीलोखेड़ी विधानसभा के निसिंग मण्डल के गाँव गुल्लरपुर में युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने किया।
योगेंद्र राणा ने नरेंद्र मोदी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म गुजरात के वडनगर में 17 सितंबर 1950 को हुआ था। उन्होंने अपने जीवन की शुरूआत वडनगर रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने से की।

## जिला पुलिस ने चलाया नाइट डोमिनेशन अभियान

**अपराध नियंत्रण**

> 8 पुख्ता इंतजाम के लिए जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर टाइट नाकाबंदी की गई और अभियान चलाया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार चलाए गए बीती रात्रि नाइट डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के दिशा निर्देशों के अनुसार जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु पुख्ता इंतजाम के लिए जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर टाइट नाकाबंदी की गई।
जिला पुलिस द्वारा 16-17 सितंबर रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक यह अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने-अपने इलाकों में गस्त की। साथ ही विभिन्न स्थानों को चिन्हित करके दुरुस्त नाकाबंदी की गई। पुलिस द्वारा होटल, धर्मशाला, ढाबों व अन्य रैन बसेरों की गहनता से चेकिंग की गई । एसपी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन को परेशान करना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित करना है। अभियान के पीछे उद्देश्य यह है कि अपराधी रात के समय वारदात को अंजाम देने निकलते हैं और उनको काबू किया जा सके। इस तरह सडक पर पुलिस की उपस्थिति कई तरह की अपराधिक गतिविधियों को रोकने में कारगर साबित होती है। पुलिस का सडक पर आम आदमी को सुरक्षा का एहसास दिलाता है।
नाइट डोमिनेशन के दौरान जिला पुलिस ने पहले भी सफलता हासिल की है। शशांक कुमार सावन इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला के विभिन्न स्थानों को चिन्हित करके 40 स्थान पर नाकाबंदी की गई व 58 पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई और अपने-अपने एरिया में गस्त की गई। इस दौरान कुल 1546 दो पहिया, चार पहिया, हल्के और भारी कमर्शियल वाहनों की गहनता से जांच की गई।
यातायात के नियमों का पालन न करने वाले एक वाहन को इंपाउंड किया गया। इस दौरान 152 सार्वजनिक स्थानों को चेक किया गया और 65 संदिग्ध अजनबी व्यक्तियों की तस्दीक हेतु स्ट्रेंजर रोल फॉर्म जारी किए गए। इस दौरान जिले भर में अलग-अलग जगह पर करीब 500 पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे। एसपी ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए समय.समय पर इस प्रकार के अभियान चलाए जाते रहे हैं और भविष्य में भी चलाए जाते रहेंगे।

## योग हमेशा स्वस्थ जीवन जीने का एक विज्ञान: दिनेश गुलाटी

**योगाभ्यास**

> 8 योग काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह शरीर तथा मस्तिष्क के संबंधों में सन्तुलन बनाने में हमारी काफी सहायता करता है

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। फव्वारा** पार्क योग कक्षा में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने योगाभ्यास के दौरान कहा कि हम सभी के जीवन में योग काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह शरीर तथा मस्तिष्क के संबंधों में सन्तुलन बनाने में हमारी काफी सहायता करता है। यह एक प्रकार का व्यायाम है, इसके नियमित अभ्यास के द्वारा हम शारीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ रह सकते हैं। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग हमेशा स्वस्थ जीवन जीने का एक विज्ञान है। यह एक दवा की तरह हैए जो हमारे शरीर के



अंगों के कार्यों करने के ढंग को नियमित करके हमें विभिन्न बीमारियों से बचाने का कार्य करता है। योग हमारे शरीर में शांति बढ़ाने और हमारे सभी तनाव तथा समस्याओं मुक्ति दिलाने का कार्य करता है।
उन्होंने कहा कि योग स्वास्थ्य की कुंजी है और निरोग रहने का सर्वश्रेष्ठ साधन है। कक्षा में योग साधकों को सूक्ष्म प्रक्रियाएं आसान, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। विशेष रूप से उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार शरीर के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिससे पूरे शरीर का व्यायाम एक साथ हो जाता है और शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक सभी तरह के लाभ मिलते हैं।

## 'महात्मा फुले और सावित्री वाई फुले के कार्यों को आगे बढ़ाएं'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। राष्ट्रीय** सैनी सभा की प्रदेश इकाई की बैठक सैक्टर नौ स्थित संजय सैनी के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी ने की। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष रमेश सैनी तथा करनाल जिलाध्यक्ष राकेश सैनी ने संजय सैनी को उनके उत्कृष्ट समाजिक कार्यों तथा समाज के प्रति योगदान को देखते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष तथा प्रवीण सैनी को जिले का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसका समूची कार्यकारिणी तथा उपस्थित जनों ने अनुमोदन किया। दोनों को नियुक्ति प्रदान किए गए। बैठक में तय किया गया कि प्रति दो महीने में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक की जाएगी। आवश्यक्ता पड? पर बीच में आपात बैठक बुलाई जा सकती हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रपिता ज्योति बा फुले तथा सावित्री फुले के समाज के कल्याण के किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए काम करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी, जिलाध्यक्ष राकेश सैनी, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण सैनी, राजीव सैनी, मनोज सैनी, रणधीर सैनी, मृत्यंजय सैनी आदि उपस्थित थे।

## रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता, रक्तदान महादान: सोहन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** श्री शाकुंभरा मैय्या ड्रामाटिक क्लब एवम ग्राम पंचायत बड़ा गांव के सहयोग से थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान महाकल्याण शिविर का आयोजन देवी मंदिर, पंचायत घर बड़ा गांव में किया गया। डॉक्टर संजय वर्मा के नेतृत्व में सरकारी अस्पताल करनाल के ब्लड बैंक ने रक्त एकत्रित किया। शिविर के लिए लगभग 75 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 62 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।
वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विनोद कमल एवम चेयरमैन करनाल जिला परिषद प्रवेश सोहन सिंह ने शिविर में पहुंचकर सभी रक्तदाताओं का होंसला बढ़ाया। डॉक्टर विनोद कमल ने कहा कि रक्तदान बहुत ही पुण्य का कार्य है। हर इंसान को



नियमित रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे जहां हम जरूरतमंद मरीज की जान बचाने में सहायता करते हैं, वहीं नियमित रक्तदाता को भी कई बीमारियों से छुटकारा मिलता है।
सोहन सिंह ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नही बनता। ये सिर्फ एक इंसान ही दूसरे इंसान को दान दे सकता है, इसलिए हम सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। क्लब के प्रधान विनोद चौधरी ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और संदीप शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया।
शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडका एवं लडकी को अपना ब्लड टैस्ट अवश्य कराना चाहिए। हर गर्भवती महिला को भी अपने रक्त की जांच अवश्य करानी चाहिये। सभी रक्त दाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि अगला रक्तदान शिविर 24 सितंबर दिन रविवार को देवी मंदिर गांव रंदौली में सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस सेवा पखवाड़ा के दौरान सभी रक्तदाताओं का ई-पंजीकरण ई-रक्तकोष एप पर किया गया। रक्तदान शिविर के आयोजन में गांव के सरपंच अमित कुमार, पूर्व सरपंच चरण सिंह राणा, विकास पंचाल, अशोक शर्मा, शुभम शर्मा, प्रताप राणा, कृष्ण कुमार, साहिल राणा, शुभम राणा, विक्रम गोस्वामी, ब्रिजेश गुप्ता, सन्नी गुप्ता और बीर सिंह का विशेष योगदान रहा।

# 'बेमौसमी बारिश से फसलों को हुआ भारी नुकसान'

## बेमौसमी बरसात से खराब हुई फसल का पूर्व विधायक ने लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने खट्टर सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुये कहा कि राज्य सरकार किसानों की फसल खरीदने से भाग रही है। मलौर आज बेमौसमी बरसात से धान की फसल को हुए नुक्सान का जायजा लेने खेतों का दौरा करने पहुँचे । उन्होंने कहा कि पहले ही बाढ़ से किसानों का बहुत नुकसान हुआ और अब बेमौसमी बरसात ने फसल को नुक्सान पहुंचा दिया । धुसरी और धान की फसल बेचने के लिये किसान मंडियों में धक्के खाने को मजबूर हो रहा है और खट्टर सरकार केवल झूठी घोषणायें करके जनता को गुमराह करने में लगी हुई है। सरकार प्रदेश की मंडियों में बिना किसी देरी के किसानों की फसल की खरीद तुरंत



शुरू करे। मलौर ने कहा कि बाढ़ के बाद किसानों के नुकसान की भरपाई को लेकर जिस तरह से सरकार ने बेरुखी दिखाई है उससे गठबंधन सरकार का किसानविरोधी चेहरा जग जाहिर है। जुलाई महीने से लेकर अब तक चल रही बरसात के कारण धान, चारे, गन्ने और सब्जियों से जुड़ी सभी फसलों का नुकसान हुआ है। किसान प्रकृति की मार से लड़ते हुए दो दो बार धान की रोपाई करने के बावजूद खाली हाथ बैठे है । सरकार किसानों के नुकसान की भरपाई करने की बजाए अलग अलग पोर्टलों के

**साधा निशाना**

**8 पहले ही बाढ़ से किसानों का बहुत नुकसान हुआ और अब बेमौसमी बरसात ने फसल को नुक्सान पहुंचा दिया: पूर्व विधायक**

नाम पर परेशान कर रही है। खट्टर सरकार को पोर्टलों की बहानेबाजी छोड़कर तुरंत किसानों को 50000 रुपए प्रति एकड़ का मुआवजा जारी करना चाहिये ताकि वे अपने खाली खेतों में अगली फसल की बिजाई कर सके। उन्होंने कहा कि इस बार शहरों में भी बाढ़ के कारण दुकानदारों का भारी नुकसान हुआ है और सरकार को उनके नुकसान की भी तुरंत भरपाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार का जनसंवाद कार्यक्रम भी मात्र जनता को गुमराह करने का ढकोसला साबित हो रहा है। इन कार्यक्रमों में जनता की समस्याओं का समाधान करने की बजाए लोगो को अपमानित किया जा रहा है। सिरसा में महिला जनप्रतिनिधि को मंच पर अपमानित किया गया तो अब हिसार में एक महिला द्वारा रोजगार के अवसर जुटाने की मांग पर मुख्यमंत्री उसे चंद्रयान पर भेजने की बात कहकर महिला शक्ति का अपमान करते दिखे। असल मे सरकार के पास प्रदेश के विकास, रोजगार उपलब्ध करवाने और मंहगाई को रोकने के लिये कोई नीति व योजना ही नही है और लोगो द्वारा मांग उठाने पर उन्हें अपमानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावो में गठबंधन सरकार का जाना तय है।

## न्यूज फ्लैश

### गांव झाड़ू माजरा के गुरु रविदास मंदिर में 28वां मुफ्त नेत्र जांच शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** देश के यशस्वी एवं प्रगतिशील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भगवान वाल्मीकि शिक्षा प्रचार समिति हरियाणा द्वारा कपिल आंखों का अस्पताल के सहयोग से गांव झाड़ू माजरा के गुरु रविदास मंदिर में 28वा मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम में सोनिया परोचा जिला उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा अंबाला मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के कोषाध्यक्ष सलिंदर झाड़ू माजरा द्वारा की गई मुख्य अतिथि ने रिबन काटकर कैंप की शुरूआत की इस मौके पर सोनिया प्रोचा ने कहा कि नरेंद्र मोदी की अंतरराष्ट्रीय नीति व उनके निरंतर प्रयासों ने विश्व में भारत के नाम की धूम मचा रखी है जो हम सब भारतीयों के लिए गर्व का विषय है हाल ही में जी20 सम्मेलन की मेजबानी से भारत की परंपरा व ताकत ने यह साबित कर दिया है कि भारत में विश्व गुरु बनने की क्षमता है संस्था के कोषाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने बताया कि कैंप में 120 लोगों ने आंखों की जांच करवाई मेरी जरूरतमंद मरीजों को संस्था की ओर से दवाइयां मुफ्त वितरित की गई गरीब व असहाय लोगों की आंखों का ऑपरेशन संस्था की तरफ से करवाया जाएगा इस अवसर पर संस्था के महासचिव मोहन प्रोचा दिलीप कुमार जयपाल सतीश कुमार राहुल कुमार प्रदीप कुमार व राजरानी डॉ रमन रावत शिवानी पलाराम पवन कुमार ओम दत्त उपस्थित रहे

### पंजाबी गुरुद्वारा में रागियों ने कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** धन धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश दिवस के संबंध में 28 वां पांच दिवसीय समागम के पांचवें दिन अंबाला छावनी के पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में भाई नरेंद्र सिंह हजूरी रागी पंजाबी गुरुद्वारा में कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया। भाई हरशरण सिंह और भाई लखविंदर सिंह आनंदपुर साहिब वालों ने कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया समाप्ति पर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान बीएस बिंद्रा ने इस समागम में सेवा करने वाले सभी सेवादारों को गुरु की बख्शीश सिरोपा देकर सम्मानित किया इसी के साथ पांच दिवसीय समागम संपन्न हुआ समाप्ति के उपरांत गुरु का लंगर अतुट बांटा गया इस मौके पर पंजाबी गुरुद्वारा के महासचिव हरविंदर सिंह नीटू, सचिव अमरप्रीत सिंह राजू, कैशियर कुलवंत सिंह, स्टोर इंचार्ज राजेंद्र सिंह राजा, जथेदार गुरमीत सिंह कालडां, अमरजीत सिंह,हरसिमरन सिंह, नविंदर सिंह जसवंत सिंह भाटिया ,दारा सिंह, गुरप्रीत सिंह भल्ला ,सरबजीत सिंह ,नरेश सिंह ,गुरप्रीत सिंह , हरजीत सिंह,शामिल रहे।

## जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक 19 को

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
विद्युत मंत्री रणजीत सिंह चौटाला 19 सितंबर को पंचायत भवन में सुबह 11 बजे जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे। इसमें पहले से 15 मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा समाधान करवाया जाएगा। उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने बताया कि इस बैठक में पुलिस अधीक्षक के तीन, महाप्रबंधक एनआरएसएस ट्रांसमिशन लिमिटेड भिवानी का एक, जिला नगर योजनाकार नारनौल का एक, कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग महेंद्रगढ़ का तीन, परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग भारतीय अधिकार पीआईयू रेवाड़ी का एक, मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक नारनौल का एक, कार्यकारी अभियंता दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम महेंद्रगढ़ का एक, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नारनौल व सतनाली का एक-एक, सहायक भू-वैज्ञानिक,भू-जल कोष नारनौल का एक तथा नगर पालिका सचिव महेंद्रगढ़ का एक मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस मनाया गया, 11000 हवन यज्ञ किए

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
17 सितंबर रविवार को चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 हरिओम जी महाराज के आदेश अनुसार अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस मनाया गया। जिसमें सोनीपत लोकसभा और गोहाना विधानसभा का संयोजन राष्ट्र हित मंच के अध्यक्ष पंडित परशुराम गौड ने किया। अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस के अवसर पर सोनीपत लोकसभा में एक साथ 11000 हवन यज्ञ किए और हजारों लोगो ने आहुतियां डाली। यह एक ऐतिहासिक पल है जिसमे लाखों लोगों ने एक साथ हवन यज्ञ किऐ गऐ। अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर गांव बड़ौता मे सरपंच संजु जी प्रभातफेरी एवं हवन किया, बिजेंद्र सरपंच ने बीधल गावं



मे,बलि ब्राह्मणान मे नदंकिशोर गौङ ने, भंडेरी मे मनोज पहलवान ने , छिछडाना गावं मे श्यामफूल शर्मा ने , परशुराम आश्रम मे राजकुमार जी ने, परशुराम चौक पर कृष्णा कालोनी वासियों ने, गौङ मार्किट कृष्णा कलोनी मे सामुहिक यज्ञ किया गया जिसमे ड़ाङ्क औमप्रकाश शर्मा, महावीर गुप्ता, उमेश शर्मा , जगदीश चहल, अनिल गौङ, देव शर्मा आदि

**सनातन सभ्यता**

**8 यह एक ऐतिहासिक पल है जिसमे लाखों लोगों ने एक साथ हवन यज्ञ किए गए**

लोगो ने आहुति डाली। व अनेक गांवों में यज्ञ हवन किये । परशुराम गौड ने बताया कि आज पूरा विश्व सनातन मय है, एवं प्राचीन पद्धति से यज्ञ हवन करना हमारी सनातन सभ्यता एवं धरोहर है परशुराम गौड ने बताया कि भारतवर्ष में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में आज अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस मनाया गया।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भाजपा युवा मोर्चा ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में युवा मोर्चा ने मोदी के स्वास्थ्य और दीघार्यु के लिए गांव सराय और भीलवाड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ो की संख्या मे युवाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया और मोदी जी के दीघार्यु होने की कामना की। रक्तदान शिविर का उद्घाटन विधायक अटेली सीताराम यादव एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष यादव ने युवा मोर्चा



की जिला अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह राजपूत के साथ किया। विधायक एवं जिला अध्यक्ष ने बैच लगाकर रक्तदाताओं का हौसला अफजाई की और युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री जो की सरपंच नरेंद्र यादव भीलवाड़ा से मुख्तियार प्रधान, राकेश सरपंच भीलवाड़ा, शशांक यादव लहरोदा व युवा मोर्चा मंडल के महामंत्री संदीप चौहान आदि उपस्थित रहे।

## माता की चौकी में सजा मां वैष्णो देवी का भव्य दरबार

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
न्यू टाईगर क्लब नारनौल रजि. के सानिध्य में माता की निशुल्क चौकी शनिवार रात्रि मोहल्ला मिश्रवाड़ा में गजेंद्र सर्राफ के निवास स्थान पर आयोजित की गई। माता की चौकी में मां वैष्णो देवी का भव्य दरबार लगाया गया। जिसमे सर्वप्रथम पंडित नवीन कौशिक ने मंत्र उच्चारण और पूर्ण विधि विधान सहित मुख्य यजमान के कर कमलों द्वारा मां की पावन ज्योत प्रज्जवलित करवाई। चौकी की अध्यक्षता क्लब के वरिष्ठ सदस्य राहुल वर्मा और रिंकू सोनी ने की। क्लब संस्थापक मुकेश वालिया ने बताया कि जागरण कीर्तन, भंडारा इत्यादि हमारी सनातनी परंपरा का अभिन्न अंग है।



घर में माता की पावन ज्योत प्रज्जवलित करवाने से मन को शांति मिलती है और जीवन के कष्ट विकार दूर होते हैं और हमारी आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। इसलिए अपने घर में जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, पूर्वजों की पुण्यतिथि इत्यादि सुख दुख के अवसरों पर माता का नाम लेकर पुण्य कमाना चाहिए। माता की चौकी में भजनों की कड़ी में सर्वप्रथम विकास म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गणेश वंदना की गई, सभी गायकारों ने माता के सुंदर भजनो से माता का गुणगान किया। कुकी राजस्थानी , नवीन वशिष्ठ, बबली बोहरा ,सोनू पागल, विकाश जागिंड, भारत जौहरी ने भक्तों को भजन सुना कर आत्म विभोर कर दिया और आखिर में नवीन वशिष्ठ और परमानंद वर्मा ने माता के सिंगार की रचना रचना गाई। इस मौके पर क्लब के प्रधान दिनेश शर्मा, सचिव राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष नितीन गुप्ता, मुकेश वालिया, टिंकू जैन, नवनीत चौधरी, गगन सोनी, हिमांशू कौशिक आदि मौजूद रहे।

**पुण्यतिथि**

**8 आखिर में नवीन वशिष्ठ और परमानंद वर्मा ने माता के सिंगार की रचना रचना गाई**

## केंद्रीय विवि में ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़**
हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पर्यावरण अध्ययन विभाग ने विश्व ओजोन दिवस 2023 के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान को कम करना निर्धारित किया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने पर्यावरण संरक्षण में व्यक्तिगत योगदान के महत्व पर जोर दिया।

## आप पार्टी के 'परिवार जोड़ो अभियान' में पहुंचे वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढ़ांडा

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़**
जिला क्षेत्र के गांव निंबी पंचायत के अधीन ढ़ाणी भाखरी में गत दिवस आप पार्टी द्वारा आयोजित "परिवार जोड़ो अभियान" के तहत पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अनुराग ढ़ांडा एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष यादव ने शिरकत की जहां सभी ग्रामीणों ने फूलमाला एवं पटके आदि पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अनेक लोगों को आप पार्टी का पटका पहनाकर कर पार्टी में शामिल किया तथा मंच संचालन का कार्य मास्टर अमरसिंह सोनी के द्वारा बखूबी से निभाया गया।
मनोज कुमार सुपुत्र श्री श्योधन यादव के



यहां आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अनुराग ढ़ांडा ने अपने संबोधन में बताया कि पार्टी द्वारा आयोजित "परिवार जोड़ो अभियान" का अभिप्राय यह है कि प्रत्येक परिवारों को जोड़कर पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाना। उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के गांव अथवा शहर में डोर टू डोर जाकर प्रत्येक परिवार के मुखियाओं से मिलेंगे तथा उनके नाम और फोन नंबर आदि नोट करके पार्टी की विचारधारा से अवगत कराएंगे।

## 'भगवान विश्वकर्मा का शिल्पकला में सर्वोच्च स्थान'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
रविवार को मेयर निखिल मदान ने विश्वकर्मा जयंती पर वार्ड 14 के मोहन नगर (नजदीक नई अनाज मंडी) गली नं 4 में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। बाबा विश्वकर्मा सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मेयर निखिल मदान ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा का शिल्पकला और वास्तुकला में सर्वोच्च स्थान है। सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा कर्मेरे, प्रतिभाशाली औ? कर्मठ समाज के प्रतीक हैं। मेयर निखिल मदान ने इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा को उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर नमन किया औ? उपस्थित जन समूह को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनायें



दी। मेयर निखिल मदान ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा 36 बिरादरी के आराध्य हैं औ? वो कामना करते हैं कि भगवान विश्वकर्मा आप सब पर अपना आशीर्वाद बनाएं रखें। मेयर निखिल मदान ने कहा कि आज राष्ट्र निर्माण में लगे सभी शिल्पकार एवं दस्तकार विभिन्न रूप से कार्य करके भगवान विश्वकर्मा जी के जीवन को चरितार्थ कर रहे है। आज वो सभी शिल्पकार बधाई के पात्र है।इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने हवन पूजन में भाग लेने के बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई और झांकियों के माध्यम से भगवान विश्वकर्मा जी का जीवन चित्रण किया गया। मौके पर प्रधान चंद्रिका ठेकेदार, भले राम जांगड़ा, सुरेन्द्र ठेकेदार, शीतल ठेकेदार, आर पी सिंह, राजन, हरि सिंह,विजय पुनिया,लेखराज, प्रवीन सिसोदिया,बिरेंद्र, बंटी,संजीव कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## राधाकृष्ण प्रभात फेरी संगठन ने निकली प्रभात फेरी



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** राधाकृष्ण प्रभात फेरी संगठन की ओर से हर रविवार को निकाली जाने वाली 35वी प्रभात फेरी मोहल्ला विकास होटल नजदीक बस स्टैंड से आरंभ हुई । प्रभात फेरी के यजमान नरेश चंद्र संघी, विकास संघी ने प्रभात फेरी में सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिलाओं के साथ राधा रानी का गुणगान किया। संगीत की स्वर लहरियों के साथ नृत्य करते हुए प्रभात फेरी यजमान के निवास स्थान से मोडा वाला मंदिर से परिक्रमा देकर निवास स्थान पर ही संपन्न हुई। मुख्य यजमान ने बताया कि प्रभात काल में राधा नाम जपने से मन शांत होता है और चिंताओं से राहत मिलती है। यह जप एकाग्रता को बढ़ाता है और मानसिक स्थिरता प्रदान करता है। राधा नाम के जप के द्वारा, मन को चिंताओं और तनाव से मुक्त किया जा सकता है। श्री राधा संकीर्तन रथ के साथ अनेक वाद्य यंत्र बजाते हुए परिक्रमा मार्ग में अनेकों स्थान पर ठाकुर जी की आरती हुई।

### आम आदमी पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाया जायगा

## कौन बनेगा मुख्यमंत्री के नाम पर कांग्रेस में है जूतम पैजार: ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरियाणा अनुराग ढांडा ने बस स्टैंड के सामन विजय अस्पताल के नजदीक ज्योति भटनागर और गिरीश खेड़ा द्वारा स्थापित आम आदमी पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया। कल शाम को आई बारिश ने आम आदमी पार्टी के कार्यालय उद्घाटन समारोह के आयोजन में बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न कर दी थी परंतु आम आदमी पार्टी के पुरुष व महिला समर्थको में इतना जोश था कि इतनी बारिश के

**पार्टी का विस्तार**

**8 आज आम आदमी पार्टी का ग्राफ पूरे हरियाणा में कई हजार गुना बढ़ चुका है : अनुराग**

बावजूद भी उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। अनुराग ढांडा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्योति भटनागर और गिरीश खेड़ा को कार्यालय खोलने की बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि आज इंद्र देवता जी का भी



आशीर्वाद मिला है इस कार्यालय को। जनसभा को बताया कि आज आम आदमी पार्टी का ग्राफ पूरे हरियाणा में कई हजार गुना बढ़ चुका है और हरियाणा में अब तक 4000 पद कार्यकर्ताओं को बांट चुकी है। आम आदमी पार्टी ने "परिवार जोड़ो अभियान" का आरंभ किया है जिसके अंतर्गत आम आदमी पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाया जायगा और इसके लिए आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता और एक-एक पदाधिकारी घर-घर जाकर आम आदमी पार्टी का प्रचार करेगा और घर के सदस्यों को आम आदमी पार्टी से जोड़ेगा। उन्होंने बताया कि बिजली आंदोलन जो पिछले कुछ दिनों पहले ही समाप्त हुआ है ,उसकी वजह से जनता बहुत जागरूक हुई है और जनता जान गई है कि किस प्रकार से दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी जनता को 200 यूनिट और 300 यूनिट मुफ्त उपलब्ध करा रही है जबकि हरियाणा में बिजली के नाम पर जनता की जेब काटी जा रही है।

# जहांगीरपुरी में निकाली गई भव्य कलश यात्रा







**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके के जे ब्लॉक में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पहले दिन विशाल कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा की शुरूआत जे ब्लॉक स्थित कथा स्थल से की गई। यह कलश यात्रा क्षेत्र की कई गलियों से होते हुए वापसी कथा स्थल पर आकर संपन्न हुई।

कथा का आयोजन सेवा समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट (बृजधाम गोर्वधन) के तत्वाधान में किया जा रहा है। कथा वाचक श्रद्धेय श्री शिवानन्द राधेय जी महाराज (बृजधाम गोवर्धन) द्वारा मधुर स्वरों में कथा सुनाई जा रही है। इस मौके पर जहांगीरपुरी वार्ड की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा, अनुज सिंह, त्रिवेणी यादव, मिस्टर भार्गव, नौशाद भाई, नीरज यादव, मुख्य यजमान प्रेमराज यादव व सुनीता यादव और सेवादार कुंता जी सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

**क्षेत्र के निवासियों ने किया कलश यात्रा का स्वागतः** कलश यात्रा का कई जगहों पर क्षेत्र के लोगों ने स्वागत किया और यात्रा के दौरान फूलों की वर्षा भी की।



**कथा श्रवण से मिलता है सुखः** कथा वाचक श्रद्धेय श्री शिवानंद राधेय जी महाराज ने बताया कि जो भक्त ध्यान पूर्वक कथा का श्रवण करता है, उसके कष्ट दूर होते है और उसके जीवन में सुख का संचार होता है। इसलिए सभी भक्त ध्यान पूर्वक कथा का श्रवण करें।

**सत्य हमेशा ही सत्य रहता हैः** कथा के दौरान क्षेत्र की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कहा कि सभी को ध्यान पूर्वक कथा का श्रवण करना चाहिए और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतरना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए।

**24 सितम्बर तक होगा कथा का आयोजनः** भक्त प्रेमराज यादव ने बताया कि प्रभु की कृपा से आज कथा की शुरूआत हुई है और यह कथा 24 सितंबर तक आयोजित की जायेगी।







पूर्वांचल भाइयों द्वारा आयोजित विश्वकर्मा पूजा के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

## मोदी सशक्त भारत के सर्वमान्य वैश्विक राजनेता हैं: दयानंद वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल भारतीय** स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने उत्तर पश्चिम दिल्ली स्थित संघ के मुख्यालय बरवाला में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन पर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना की।

दयानंद वत्स ने ट्वीट करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिन की अपनी हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी हैं। अपने संबोधन में दयानंद वत्स ने कहा कि नरेंद्र मोदी के हाथों भारत का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित है। उनकी नीतियों और कार्यक्रमों से देश और विदेश में भारत की छवि निखरी है। वैश्विक जगत में अब भारत का नाम आदर और सम्मान से लिया जाता है। जी-20 के सफल आयोजन के बाद से आज नरेन्द्र मोदी सर्वमान्य वैश्विक राजनेता बन गये हैं। भारत आज विश्व का सबसे बडा लोकतांत्रिक देश है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का बहुत मान सम्मान है। भारत विश्व शांति की अपनी नीतियों पर अडिग है। लेकिन देश की संप्रभुता की रक्षा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

दयानंद वत्स ने आगे बताया कि यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण ही संभव हुआ है। अब भारत आंख झुकाकर नहीं बल्कि आँख में आँख डालकर बात करता है। सारा विश्व भारत के पीछे चल रहा है।



शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में सातवां विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया है। इस मौके पर मुकेश कुमार, मदन मुरारी, बबलू कुमार, अनिल कुमार, पप्पू कुमार, राजकुमार चौधरी, शिवम कुमार, शिवराज कुमार, शिवानी कुमारी मौजूद रहे।

## दिल्ली के रौनक देहलवी को मिला देवनागरी सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुलंदी** साहित्यिक सेवा समिति (अंतरराष्ट्रीय) द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में वर्ष भर हिंदी भाषा में लेखन एवं उत्कृष्ट अवदान करने हेतु शहर दिल्ली रौनक देहलवी साहित्यकार को बुलंदी संस्था के संस्थापक विवेक बादल बाजपुरी एंव संरक्षक पंकज शर्मा द्वारा देवनागरी सम्मान प्रदान किया गया।

बताते चले वर्ष 2021 बुलंदी संस्था ने हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु 207 घण्टे का अनवरत कार्यक्रम आयोजित करवाया था और पिछले वर्ष 2022 में अनवरत 400 घण्टे का अंतरराष्ट्रीय वर्च्युअल कवि सम्मेलन करवाया है, जिसमें दुनिया भर के 45 देशों के हिंदी



कवियो ने सहभागिता की। जिसे विश्व रिकॉर्ड के रूप में इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा।

बुलंदी संस्था उत्तराखंड के बाजपुर से संचालित होती है, जोकि सहित्य जगत में वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध संस्थाओ में से है।

## अशोक विहार में पार्कों का हुआ सौन्दर्यीकरण




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अशोक विहार के** फेस-1 में दो पार्कों का सौन्दर्यकरण निजी प्रयासों से किया गया। इन पार्कों में आरोग्य वन के रूप में एक पार्क को विकसित किया गया है, जिसमे योग की मुद्रायो को दिखाया गया है और दूसरे पार्क में बच्चों का पार्कों के प्रति रुझान बड़े उसके लिए सेल्फी प्वाइंट बनाएं। पेड़ बचाओ का संदेश भी दिया गया है। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय निगम पार्षद योगेश वर्मा के अलावा डॉक्टर महेंद्र नागपाल पूर्व विधायक, वीरेंद्र गोयल जिला अध्यक्ष और क्षेत्रीय निवासी मौजूद रहे।

## नांगलोई: जिले स्तर की भाषण प्रतियोगिता में युवाओं ने रखे विचार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** नांगलोई स्थित नेहरू युवा केंद्र में आजादी के अमृत काल के श्रृंखला में मां भारती के दो वीर सपूतों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) लोकसभा द्वारा एक स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से 25 युवाओं को भागीदारी करने का अवसर प्राप्त होगा।

इस अवसर पर निर्णायक मंडल में संजीव टीचर, मोहित कुमार भारतीय एवं पूजा कौशिक जिला युवा अधिकारी पश्चिम दिल्ली मौजूद रहे।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन प्रेरणा स्रोत : सतीश गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श रामलीला** कमेटी अशोक विहार फेस-2 का भूमि पूजन वैदिक रीति रिवाज के बीच मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ। रामलीला के पदाधिकारियों ने मंचन से जुड़े कलाकारों को कलावा बांध कर अनुबंधित किया।

रामलीला से जुड़े पात्रों ने अपने सुक्ष्म अभिनय से सभी को मंत्र-मुग्ध कर दिया। लक्ष्मण-परशुराम के रोचक संवाद के बीच शील, क्रोध, संयम और वीरता का बखान होता दिखा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में प्रदर्शनी लगाकर भारत सरकार





की प्रमुख कार्यों को प्रदर्शित किया गया। रामलीला का भूमि पूजन मुख्य संरक्षक सुरेंद्र पाल गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में हर्ष मल्होत्रा महामंत्री भाजपा दिल्ली प्रदेश, सतीश गर्ग कोषाध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश, राजेश गुप्ता विधायक, पार्षद रेखा गुप्ता, वीरेंद्र गोयल जिला अध्यक्ष, राजकुमार भाटिया समेत अनेक सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष समारोह में उपस्थित हुए। इस अवसर पर हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि श्रीराम का चरित्र, कर्तव्यनिष्ठ, कर्म प्रधान, आदर्शों एवं मयार्दाओं से युक्त अति विनम्र व प्रेम प्रधान है। सतीश गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि श्री राम के चरित्र का वर्णन शब्दों में तो हो ही नहीं सकता। प्रभु श्रीराम अत्यंत शक्तिशाली थे किंतु उन्होंने कभी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग नहीं किया तथा युद्ध में भी उन्होंने सदा मयार्दाओं का ही पालन किया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। रामलीला के प्रत्येक भाग में हमें जीवन उपयोगी कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। रामलीला के अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने जानकारी दी कि हम इस वर्ष भी रामलीला प्रारंभ की पूर्व संध्या पर डांडिया नृत्य व रावण दहन के पश्चात महा कवि सम्मेलन का आयोजन करेंगे। रामलीला के निदेशक नितिन बत्रा ने कलाकारों के परिचय व लीला की भव्यता पर प्रकाश डाला। रामलीला के चेयरमैन अरुण बंसल व मुख्य संरक्षक सुरेंद्र पाल गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं दी। भूमि पूजन अध्यक्ष रवि गर्ग ने समारोह के सारगर्भित व योजनानुरूप सफल होने पर सभी का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर रामलीला के मेला अध्यक्ष चंदन शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप गोयल, व्यवस्था अध्यक्ष संदीप गुप्ता, सुरक्षा अध्यक्ष विजय बंसल, स्वागताध्यक्ष देवराज, प्रचार अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह, राकेश गुप्ता, राजेंद्र खंडेलवाल, बी पी गर्ग, उषा गोयल, घनश्याम गुप्ता समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सेवा के साथ पूरा देश मना रहा पीएम का जन्मदिन: नरेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को लेकर देशवासियों में इस कदर उत्साह है कि पीएम के आह्वान पर पूरा देश सेवा दिवस के रूप में प्रधानमंत्री का जन्मदिन मना रहा है। उक्त वाक्य विधायक नरेंद्र गुप्ता ने अपने सैक्टर-11 स्थित कार्यालय पर आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहे। यह रक्तदान शिविर जिला रैडक्रास सोसायटी फरीदाबाद तथा महाराजा अग्रसेन सेवा ट्रस्ट के सहयोग से लगाया गया जिसमें बढ़चढ़ कर लोगों ने रक्तदान किया। भाजपा जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी, नीरज मित्तल, राकेश गुप्ता, श्रीचंद गौतम, शिव कुमार वशिष्ठ, कमल सौरोत,अनिल जेलदार, कुलदीप सिंघल, संजीव ठाकुर, ममता भाटी, विनोद भाटी, रमेश अधाना, राजू सोलंकी, अनिल मलिक, राधिका गुप्ता, कन्हैया तंवर, हेमा ठाकुर सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस पखवाड़े के रूप में 2 अक्तूबर तक मनाया जाएगा जिसमें सभी समाजहित व अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने वाले सेवा के कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दिन-दूनी-रात चौगुनी उन्नति कर रहा है और पूरे विश्व के आगे भारत की छवि सुदृढ़ हुई है। उन्होंने लोगों से भी आहान किया कि वे भी पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा का संकल्प लेते हुए सेवा के कार्य करें।


पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर विधायक नरेंद्र गुप्ता के कार्यालय पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते विधायक नरेंद्र गुप्ता साथ में भाजपा जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी, नीरज मित्तल व अन्य गणमान्यजन।

# कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने दी पांच गलियों के निर्माण की सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने पांच गलियों के निर्माण कार्य का स्थानीय लोगों के हाथ नारियल तुड़वाकर शुभारंभ कराया। पांचों गलियों के निर्माण पर लगभग 19 लाख रुपए की धनराशि की लागत आएगी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने लक्ष्मण कॉलोनी में गत शाम गलियों के निर्माण के कार्यों शुभारंभ किया था। ये गलियां आरएमसी से बनाई जाएगा। इस मौके पर उन्होंने कहा की गलियों का सीवर का और पीने के पानी का इंतजाम करना उनका दायित्व बनता है। इसलिए वह किसी भी क्षेत्र में विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी जो भी गालियां रह गई है। उन्हें भी जल्द बनवाया कराया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लक्ष्मण कॉलोनी में पहले सामुदायिक भवन और कुछ गालियां पहले ही बन चुकी है। जिनका शिलान्यास अब किया गया है। वह गलियां भी जल्दी ही बनकर तैयार हो जायेगी। इस मौके पर पारस जैन, कुमरपाल, राकेश गुर्जर, योगेश शर्मा वा जयप्रकाश मास्टर सहित गणमान्य कालोनी के लोग मौजूद रहे।


**फोटो** :- कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा लोगों के हाथों से नारियल तुड्वा कर विकास कार्य का शुभारंभ करते हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 2580 वाहन चालकों के चालान काटकर लगाया 20 लाख 51 हजार रुपए का जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य एवं आईजी ट्रैफिक हरियाणा के आदेश डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के निदेर्शानुसार व एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 445 ऑटो चालकों सहित 2580 वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस ने ऑटो चालकों को निर्धारित स्टैंड के अलावा ऑटो खड़ा न करने व ज्यादा सवारी न भरने और अंडरएज ऑटो चालकों व ओवरस्पीड व गलत लाइन में ड्राइविंग करने वालों को लेकर अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत गलत लाइन में ड्राइव करने वाले और अंडर एज वाहन चालकों के चालान काटे गए। इस अभियान के तहत फरीदाबाद पुलिस ने 2580 वाहन चालकों के चालान काटे जिसमें 445 ऑटो चालको के तथा 163 ऑटो को इंपाउंड किया गया था। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मियों ने बताया कि ऑटो चालक रॉन्ग लाइन में वाहन चलाने की वजह से सड़क दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ जाती है जिसमें कई व्यक्तियों की जान तक चली जाती है। इसके साथ ही अधिक सवारी बैठाने से ऑटो चालक का नियंत्रण ऑटो पर नही रहता। कई ऑटो चालक शॉटकर्ट के चक्कर में आकर रॉन्ग लाइन में ऑटो चलाते है। कई ऑटो चालक बीच रोड पर ही ब्रेक लगा कर सवारी बैठाने लगते है जिससे पिछे से आरही सवारी के साथ अचानक से दुर्घटना हो जाती है। कई बार दुर्घटना इतनी घातक होती है कि व्यक्ति की जान भी चली जाती है। अगर ऑटो चालक को सवारी लेनी है तो वह रोड के साइड में रोक कर ही सवारी ले। वह अन्य वाहन चालको को जागरुक करते हुए मुख्यतः सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट, सीट या बेल्ट का उपयोग करना, तय गति सीमा में वाहन चलाना, रेड लाइट जंप न करना, गलत दिशा या लेन में वाहन न चलाना, अधिक सवारी न बिठाना इत्यादि शामिल हैं। इसके साथ ही सभी यात्रियों से अनुरोध है कि शराब पीकर गाड़ी ना चलाएं क्योंकि इससे शरीर का संतुलन बिगड़ जाता है। जिसकी वजह से वह सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो सकते हैं इसलिए बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें। पुलिस ने चालकों को सड़क सुरक्षा का महत्व बताते हुए यातायात नियमों का अनुसरण करने के लिए जागरूक किया।

### क्राइम ब्रांच की टीम पर फायर करने वाले वाछिंत आरोपी को पुलिस की जवाबी कार्रवाई में लगी गोली, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** बीती रात क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी को गुप्त सूचना मिली कि जून महीने में डबुवा, उत्तम नगर में हुई लूट मामले में वांछित आरोपी बलराज उर्फ बलविंदर उर्फ बल्लू निवासी पावटा मोहबताबाद अपने 2 साथियों के साथ गाड़ी में सवार होकर सोहना की तरफ गए हैं और किसी वारदात को अंजाम दे सकते। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते क्राइम ब्रांच की टीम सरकारी गाड़ी से आलमपुर से सिलाखडी जाने वाले मार्ग पर, रुकने के लिए इशारा किया परंतु आरोपी पुलिस पार्टी पर गाड़ी चढ़ाने की नीयत से स्पीड से निकल गए और पीछे मुड़कर पुलिस की गाड़ी पर फायर किया जो सरकारी गाड़ी के बंपर पर गोली लगी पुलिस टीम ने गाड़ी में लगे लाउडस्पीकर से आरोपियों उन्हें फायर न करने तथा गाड़ी रोककर आत्मसमर्पण करने के लिए अनाउंसमेंट किया परंतु आरोपियों ने गाड़ी नहीं रोकी आरोपी वहां से सिलाखडी से पावटा की तरफ भाग गए और पावटा के पास जाकर गाड़ी से उतरकर पुलिस पार्टी पर फिर से फायर किया। पुलिस ने अपने बचाव और जवाबी कार्रवाई मे आरोपियों के पैर पर गोली मारने की कोशिश की, परंतु आरोपी बल्लू उर्फ बलविंदर नीचे बैठ गया और गोली लग गई घायल आरोपी को इलाज के लिए बीके अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया काबू किए गए जिनकी पहचान अनूप उर्फ छलिया तथा अरविंद के रूप में हुई। आरोपी अनूप फरीदाबाद के डबुआ तथा अरविंद राजीव कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपी अनूप उर्फ छलिया, नरेश भाकरी की हत्या के आरोप में जेल में बंद था। अभी जमानत पर बाहर आया था मृतक आरोपी के खिलाफ मुजेसर, सारण तथा थाना सेक्टर 58 इत्यादी में लूट का एक, स्नैचिंग के 2 व अवैध हाथियार सहित लड़ाई झगड़े के 4 मुकदमे दर्ज हैं।

## विकसित भारत' के निर्माण के लिए आपका समर्पण और विजन अतुलनीय है: गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** लाइन्स क्लब फरीदाबाद डिवाइन एवं जागृति महिला समाजसेवी संस्थान के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें काफी लोगों ने रक्तदान शिविर में भाग लिया और इस उत्सव में शामिल हुए-

पूर्व मंत्री विपुल गोयल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी जन्मदिन की हार्दिक बधाई और कहा की 'विकसित भारत' के निर्माण के लिए आपका समर्पण और विजन अतुलनीय है - पूर्व मंत्री विपुल गोयल।

# हरियाणा के पूर्व सहायक एडवोकेट जरनल विकास वर्मा द्वारा सेमीनार आयोजित

**सेमीनार**

**8 सेमीनार का आयोजन आल इंडिया लायर्स फोरम एवं जिला बार एसोसिएशन के सहयोग से किया गया।**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश श्री सुरेश्वर ठाकुर ने आज फरीदाबाद के होटल मैगपाई में हरियाणा के पूर्व सहायक एडवोकेट जरनल विकास वर्मा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार में शिरकत की। सेमीनार का आयोजन आल इंडिया लायर्स फोरम एवं जिला बार एसोसिएशन फरीदाबाद के सहयोग से किया गया। सेमीनार में मुख्य रूप से जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाईएस. राठौर, डीसीपी सैन्ट्रल पूजा वशिष्ठ, जिला बार एसोसिएशन के प्रधान राजेश बैंसला उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेमीनार में पहुंचने पर आयोजक एवं हरियाणा के पूर्व सहायक एडवोकेट जरनल विकास वर्मा आए हुए सभी अतिथियों का बुक्के देकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित अधिवक्ताओं को सम्बोधित करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश श्री सुरेश्वर ठाकुर ने कहा कि आज के आधुनिक युग में पुलिस की अपराधों पर जांच का तरीका नवीन एवं त्वरित होना चाहिए ताकि न्याय प्रणाली में देरी न हो सकें। लोगों को न्याय एक निश्चित समय के भीतर मिल सकें। इसके लिए पुलिस व अधिवक्ताओं को आपसी सांमस्जय बैठाकर कार्य करना होगा। अदालतों में नए तरीके अपनाकर न्याय प्रणाली को और बेहतर किया जा सके इसका प्रयास किया जा रहा है। फरीदाबाद पुलिस की डीसीपी सैन्ट्रल पूजा वशिष्ठ ने कहा कि अपराध व अपराधियों के हाईटेक होने के चलते पुलिस ने भी आधुनिक प्रणाली को अपनाकर अपराधियों पर शिकंजा कस रही है।

रोजाना साईबर अपराध अलग-अलग तरीके से अपराधों को अंजाम दे रहे है। पुलिस भी इन साईबर अपराधियों को काबू कर सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम कर रही है, जिससे पीड़ित को कम से कम समय में न्याय मिल सकें। सेमीनार में मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता आर.पी.वर्मा , टैक्स बार के पूर्व प्रधान संदीप सेठी, एडवोकेट, जोगेन्द्र यदुवंशी, डी.के. गुंसाई, एस.के. वर्मा, जगत सिंह नागर, बंसत बिरमानी, आरडी वर्मा, बार एसोसिएशन के सचिव ओमदत्त कौशिक, एस. के सचदेवा, वाई के माहेश्वरी, कमलेश माहेश्वरी, नारायण सिंह, मास्टर कर्मवीर सिंह, प्रवीन वर्मा, राजेश भाटिया, संजीव ग्रोवर, अनिल भाटिया, राकेश भाटिया, दौलत नरूला, मुकेश कुमार, सत्येन्द्र अधाना, नीरज कुमार, बार काऊसिंल के को-आप्टेडे सदस्य राजेश खटाना एडवोकेट, मनीष वर्मा एडवोकेट, आर.पी. नाहर, सतेन्द्र अधाना, वासुदेव अरोड़ा, मन्नू नरूला सहित सैकड़ों अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# सेवादार के रूप में देश की सेवा कर रहे पीएम मोदी : राजन मुथरेजा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** बडखल विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ भाजपा नेता व भाजपा कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा ने बडखल विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर राजन मुथरेजा व उनके सहयोगियों ने एक निजी स्कूल में लगभग 300 बच्चों को फ्रूटी, दूध, कॉपी आदि वितरित कीं वहीं छात्रावास के बच्चों व एनसीसी स्काट्स के बच्चों के साथ भी उन्होंने स्टेशनरी व खाद्य सामग्री का वितरण कर पीएम मोदी को जन्मदिन की बच्चों के साथ बधाई दी। इस मौके पर उनके साथ गोविंद माटा, जोगेंद्र झांब, ऊमा, सुनील भाटिया सन्नी, संजय शर्मा, राकेश सचदेवा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस अवस पर राजन मुथरेजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेवादार के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं तथा उनका जन्मदिन इसीलिए पूरे देश में सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।



## सरकारी स्कूल में छात्राओं को महिला व बाल अपराध, घरेलू हिंसा, भ्रूण हत्या के बारे में दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए बल्लभगढ़ महिला थाना प्रभारी इंदु बाला व उनकी टीम ने बल्लबगढ़ के सरकारी स्कूल में छात्राओं को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें 1930, डायल 112 एप के बारे में जानकारी दी। प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज महिला थाना बल्लबगढ़ की टीम ने छात्राओं को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक किया जिसमें महिला व बाल अपराध, शोषण, घरेलू हिंसा, भ्रूण हत्या, इत्यादि शामिल थे।

# मूलचंद शर्मा ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन को पौधा रोपण करके स्वच्छता अभियान चलाकर मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/ बल्लभगढ़ (हरपाल सिंह यादव )।** प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में स्थानीय दादा पोते ट्रैक से पौधारोपण कर शुरूआत की। परिवहन मंत्री ने दिन की शुरूआत लगभग 11 हजार पौधे लगाने के लक्ष्य के साथ शुरू की। उन्होंने कहा कि करीब 3 किलोमीटर लंबे ट्रैक को औषधि युक्त पौधे लगाकर सुंदर बनाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि लोगों को औषधि वाले पौधों के साथ-साथ शुद्ध हवा और ऑक्सीजन मिलेगी। वहीं कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज रविवार को स्वच्छता अभियान के साथ-साथ स्वास्थ्य कैंप सहित दिन भर बल्लबगढ़ विधानसभा में रहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमोंमें शिरकत की। परिवहन मंत्री श्री शर्मा ने सभी को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि पेड़ पौधे लगाने से पुण्य मिलता है। सभी सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं को आगे आकर पर्यावरण के लिए कार्य करना चाहिए। बच्चो ने भी पौधा लगा कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। इसके उपरान्त बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक से मेघा सफाई अभियान की भी परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुरूआत की। तत्पश्चात प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिन के अवसर पर बल्लभगढ़ विधानसभा सेक्टर- 3 कम्युनिटी सेंटर में आयोजित विशाल आयुर्वैदिक हेल्थ चेक कैंप में भी शिरकत की। वहीं सेक्टर -22 मार्केट में भाजपा युवा जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र भारद्वाज द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में भी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इसके अलावा उन्होंने मुजेसर गांव के ऐतिहासिक पांडव कालीन कुंड पर स्थित बाबा हृदय राम मंदिर पर आयोजित भंडारे में शिरकत की। बल्लभगढ़ विधानसभा में कई जगह देश के आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में केक भी काटा गया।

# हरियाणा में बेटियों की प्रतिभा को मिल रहे अवसर: राजेश नागर

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा है कि हरियाणा की बेटियां अपने हुनर के दम पर देश दुनिया में नाम कमा रही हैं। जिसके बाद वह डॉयलाग सच साबित हो रहा है कि म्हारी बेटियां कै बेटों से कम हैं। वह झारखण्ड में आयोजित राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का गोल्ड जीतकर अपने गांव भतौला लौटी खिलाड़ी तन्नू तंवर के सम्मान में जुटे लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने तन्नू को भविष्य में इसी प्रकार प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया। नागर ने कहा कि तन्नू अभी स्कूली पढ़ाई कर रही है। अभी उसके आगे लंबा कैरियर है। वह निश्चित ही दुनिया भर में भारत और हरियाणा एवं अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेगी। विधायक ने भविष्य में हर संभव मदद का भी भरोसा तन्नू तंवर के परिजनों को दिया। वहीं प्रदेश सरकार की खेल नीतियों के बारे में भी लोगों को बताया। विधायक राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा की मनोहर लाल सरकार में खिलाडि?ों को बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इनमें बेटियों को भी समान अवसर दिए जा रहे हैं। मनोहर सरकार में योग्यता के आधार पर अवसर मिल रहे हैं वह चाहे खेल हो, नौकरियां हों या अन्य सरकारी योजनाओं के मिलने वाले लाभ हों। नागर ने कहा कि यह बच्चे ही कल आने वाले देश का भविष्य लिखेंगे। हम सभी को कोशिश करनी चाहिए कि इन्हें एक अच्छा समाज, शासन एवं प्रशासन दें। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने बेटी के परिवार को भी बधाई दी और तन्नू को पूरा सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर अजब सिंह चंदीला, सुरेन्द्र बिधूड़ी, अतर सिंह नंबरदार, फिरे नेताजी, सुरेंद्र नेताजी, सुरेंद्र मास्टरजी, जगदीश तंवर, चंदर नरवत, बेगराज चंदीला, चतर चंदीला, बाबू चंदीला, ओमप्रकाश चंदीला, जगदीश नंबरदार, जगत नेताजी, कंवर सिंह चंदीला, सुभाष चंदीला, रमेश भांवरा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



# कांग्रेस सरकार बनने पर तिगांव क्षेत्र का करवाया जाएगा चहुंमुखी विकास: नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ललित नागर ने क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं को जानने के लिए पदयात्राएं शुरू कर दी है। इन पदयात्राओं के माध्यम से वह गांवों व कालोनियों में गली-गली जाकर लोगों से रूबरू होकर वहां व्याप्त समस्याओं का अध्ययन कर रहे है। इसी कड़ी में ललित नागर ने रविवार को तिलपत गांव की हरकेश नगर नहर पुल से पदयात्रा शुरू की, जो कि आश्रम वाली मेन मार्किट, हरिकेश कालोनी, हनुमंत कालोनी, खड्डा कालोनी, होराम कालोनी तिलपत पर सम्पन्न हुई। पदयात्रा के समापन पर एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा की गूंगी-बहरी सरकार ने नौ सालों में न केवल इस देश बल्कि प्रदेश का पूरी तरह से बेडागर्क कर दिया है, पूंजीपतियों के हाथ की कठपुतली बनकर यह सरकार अमीरों को और अमीर और गरीबों को मिटाने पर तुली है। बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है, इसके बावजूद भाजपाई विकास के झूठे राग अलापकर खुद ही महिमा मंडित हो रहे है। उन्होंने कहा कि तिगांव क्षेत्र में पदयात्राओं के माध्यम से वह लोगों की समस्याओं को बारीकि से जान रहे है और अब तक वह जहां-जहां गए है, वहां लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित ही दिखे है, चाहे सडकों की बात हो, पीने के पानी की, सीवरेज या फिर बिजली या बेरोजगारी की, इस सरकार ने नौ सालों में इस क्षेत्र में कुछ नहीं किया। श्री नागर ने कहा कि कांग्रेस सरकार में जो काम तिगांव क्षेत्र में करवाए गए थे, भाजपा सरकार में उन विकास कार्यो की मरम्मत तक नहीं हुई, इससे साबित होता है कि यह सरकार जुमलों की सरकार है और इन्हें लोगों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। जनसभा के दौरान लोगों ने उन्हें बताया कि उनके यहां अधिकतर बिजली घण्टों गुल रहती है और विभाग द्वारा उन्हें अनाप-शनाप बिल भेजे जा रहे है, जिसकी वजह से उन्हें इस गर्मी के मौसम में परेशानी होती है वहीं अब बिजली विभाग ने तुगलकी फरमान जारी कर दिया है कि जिस व्यक्ति के पास रजिस्ट्री नहीं होगी, उसे बिजली कनेक्शन नहीं दिया जाएगा, जिससे लोग परेशान है वहीं क्षेत्र की सडकों की हालत भी किसी से छुपी नही है, यहां गड्ढों में सडकें है, जिसमें पानी भरा रहता है,जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है और कई बार तो बुजुर्ग व स्कूली बच्चे इन सडकों के गड्ढों में गिरकर जख्मी भी हो जाते है, लेकिन इसके बावजूद उनकी कोई सुनवाई नहीं होती।



# मोदी जी के जन्मदिन पर मानव सेवा समिति ने आयोजित कियासेवा कैंप

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मानव सेवा समिति ने जिला प्रशासन के सहयोग से अपने कार्यालय मानव भवन पर जन सेवा कैंप आयोजित किया जिसके माध्यम से 50 से ज्यादा लोगों के आधार कार्ड का नवीनीकरण व अन्य सभी समस्याओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित हुए अजय गौड़ पूर्व राजनीतिक सलाहकार मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत वासियों के लिए यह बड़े गर्व की बात है कि उनको नरेंद्र मोदी जी जैसा महान जन नेता व जन सेवक मिला है जिनके नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने जा रहा है। हम उनके जन्मदिन को जनता के हित में सेवा कैंप लगा कर मना रहे हैं।

इस अवसर पर मानव सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चेयरमैन अरुण बजाज कोषाध्यक्ष राजेंद्र गोयनका, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, सलाहकार राजेंद्र बंसल, डॉ बनवारी लाल गुप्ता, राज राठी, कमला वर्मा, परमेश्वरी, कुसुम बंसल, रमा सरना, एमएल मोदी, गोविंद वर्मा,ज्ञानदेव वत्स,युवा मंडल संयोजक संदीप राठी सहित मानव परिवार के सदस्यों ने मोदी जी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।



हरियाणा सरकार | G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव | HSVP Haryana Shehri Vikas Pradhikaran | HOUSING BOARD HARYANA

"गरीबों को अपना पक्का घर देने का ये अभियान सिर्फ एक सरकारी योजना मात्र नहीं है। ये गांव को, गरीब को विश्वास देने की प्रतिबद्धता है। इसी सोच के साथ हमारी सरकार पीएम आवास योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।"

– नरेन्द्र मोदी



# मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना

## पोर्टल का शुभारम्भ

आज ही लॉग इन या मिस्ड कॉल करें और स्कीम का लाभ उठाएं

पंजीकरण के लिए स्कैन करें

पोर्टल लिंक
**hfa.haryana.gov.in**

मिस्ड कॉल करें
**8010-100-121**

## कुल आवास की संख्या

| **50,000** | **50,000** |
|---|---|
| प्लॉट्स (स्टैण्डर्ड साइज़–1 मरला) | अपार्टमेंट्स |

## पंजीकरण अवधि 13 सितम्बर से 19 अक्तूबर, 2023

### लाभ हेतु पात्रता

- 1.80 लाख रुपये तक वार्षिक आय
- परिवार पहचान–पत्र योजना के तहत पंजीकृत
- केवल हरियाणा के शहरी क्षेत्रों के निवासियों के लिए
- घुमंतू जाति से संबंधित परिवारों को प्राथमिकता
- लाभार्थी या परिवार के किसी सदस्य के नाम पर किसी भी शहरी क्षेत्र में कोई भी पक्का मकान पंजीकृत नहीं होना चाहिए



सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana